दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 986

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारत में राफेल बनाने के बाद सरकार बेचेगी, समझें डील की शर्तें

**लोक तंत्र की आवाज़**



**बेंगलुरु।** भारत में राफेल बनाने की तैयारी तेज हो गई है. फ्रांस के राष्ट्रपति के दौरे के बाद डील को आगे बढ़ाने की कवायद शुरू हो चुकी है. सवाल अब यह उठ रहा है कि अगर राफेल भारत में बनेंगे, तो क्या सरकार इन्हें दूसरे देशों को बेच भी सकेगी? या ये विमान सिर्फ भारतीय वायुसेना के लिए ही होंगे? डील की शर्तें क्या कहती हैं चलिए समझते हैं।

**राफेल डील में आई तेजी :** इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे के बाद राफेल डील को लेकर हलचल तेज हुई है. रक्षा मंत्रालय जल्द ही प्रस्ताव को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के पास भेजने की तैयारी में है. ऐसे में उम्मीद है कि अगले 4 से 6 महीने में समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक, रक्षा खरीद प्रक्रिया की टाइमलाइन छोटी करने की कोशिश की जा रही है ताकि लड़ाकू विमान और अन्य हथियार जल्द मिल सकें. अभी विदेशी हथियार खरीदने की प्रक्रिया लंबी और जटिल मानी जाती है।

**114 राफेल को भारत में बनाने की मंजूरी:** मैक्रों के दौरे से पहले रक्षा मंत्रालय की डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल विमान देश में बनाने की मंजूरी दी थी. राफेल विमान फ्रांस की कंपनी दासो एविएशन बनाती है. प्रस्ताव है कि दासो किसी भारतीय कंपनी के साथ साझेदारी कर भारत में उत्पादन प्लांट स्थापित करे. इससे तकनीक हस्तांतरण, स्थानीय रोजगार और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

**क्या भारत इन राफेल को बेच सकेगा? :** यहीं सबसे अहम सवाल आता है. साफ तौर पर कहा गया है कि ये 114 राफेल भारतीय वायुसेना की जरूरतों के लिए बनाए जा रहे हैं. यानी इनका उद्देश्य निर्यात नहीं, बल्कि देश की रक्षा क्षमता बढ़ाना है. डील की शर्तों के मुताबिक, विमान का उत्पादन लाइसेंस और तकनीकी समझौते के तहत होगा. ऐसे में बिना फ्रांसीसी कंपनी और सरकार की अनुमति के भारत इन विमानों को तीसरे देश को नहीं बेच सकता है।रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भविष्य में निर्यात का विकल्प खुलता भी है, तो वह अलग समझौते और संयुक्त अनुमति के तहत ही संभव होगा।

# अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ीं, बटुकों की तरफ से लगाए गए आरोप पुलिस जांच में सही पाए गए : सूत्र

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रयागराज।** शंकराचार्य मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. पुलिस जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, बटुकों की ओर से लगाए गए आरोप जांच में सही पाए जा रहे हैं. मामले में दर्ज एफआईआर के बाद झूंसी थाना पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है और अब जांच की दिशा कोर्ट के अगले आदेशों पर भी टिकी है. यह मामला नाबालिग बच्चों से कथित यौन उत्पीड़न से जुड़ा है।

**क्या है पूरा मामला? :** तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने प्रयागराज जिला न्यायालय में बीएनएस की धारा 173(4) के तहत मुकदमा दर्ज कराने की अर्जी दी थी. इस पर 21 फरवरी को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने झूंसी थाने की पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था. कोर्ट के निर्देश के आधार पर पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी और दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बीएनएस की धारा 351(3) के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं 5(एल), 6, 3, 4(2), 16 और 17 के तहत केस दर्ज किया है. विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़ित पक्ष से जुड़े लोगों के बयान दर्ज किए हैं. सूत्रों का कहना है कि अब तक की जांच में आरोपों की पुष्टि होती नजर आ रही है, हालांकि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा

**अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है :** गिरफ्तारी से बचने के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है. इस याचिका में राज्य सरकार के साथ-साथ शिकायतकर्ता, हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी और बाल कल्याण समिति को प्रतिवादी बनाया गया है. याचिका में दलील दी गई है कि तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए ट्रायल कोर्ट में जांच और मुकदमे के लंबित रहने तक उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए, अन्यथा उन्हें अपूरणीय क्षति हो सकती है।

इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच, न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा, शुक्रवार 27 फरवरी को अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी. वहीं, लेखिका भूमिका द्विवेदी की ओर से मठ परिसर में गुप्त कमरों, सीक्रेट दरवाजों और स्विमिंग पूल जैसे दावों ने भी मामले को और संवेदनशील बना दिया है. फिलहाल, सभी निगाहें पुलिस विवेचना और हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी हैं।

## शंकराचार्य को भड़काने में यूपी के डिप्टी सीएम का हाथ! जानें किसने कर दिया ये चौंकाने वाला दावा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**लखनऊ।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के मामले में अब उत्तर प्रदेश सरकार के एक उप मुख्यमंत्री पर भी सवाल उठ रहे हैं। यह सवाल उठाए हैं खुद आशुतोष ब्रह्मचारी ने। आशुतोष ने ही आरोप लगाए हैं कि शंकराचार्य के यहां बटुकों के साथ शोषण हुआ।

प्रेस वार्ता में आशुतोष ब्रह्मचारी ने एक कॉल डिटेल का हवाला देते हुए कहा कि इसमें एक डिप्टी सीएम का नाम आया है. हालांकि आशुतोष ने डिप्टी सीएम के नाम का खुलासा नहीं किया. उन्होंने कहा कि कॉल डिटेल में एक डिप्टी CM का नाम सामने आया है. वो धरना-प्रदर्शन के लिए अविमुक्तेश्वरानंद को उकसाते थे. उन्होंने कहा कि जांच में नाम सामने आ जाएगा। आशुतोष ने कहा कि उनका नाम कुकर्म के मामलों में नहीं है. उनका नाम उकसाने में आया है. कहते थे कि मैं आऊंगा तो पानी पिलाऊंगा, फिर धरना खत्म कर देना।



### आशुतोष का दावा- कुछ महिलाएं भी संपर्क में

उन्होंने जल्द ही षड्यंत्र में शामिल एक और नाम उजागर करने की बात कही है. उनकी अर्जी पर पॉक्सो कोर्ट ने झूंसी थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था, जिसके बाद पोक्सो एक्ट के तहत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया. तीन अज्ञात में अब तक अरविंद मिश्रा और प्रकाश उपाध्याय के नाम सामने आ चुके हैं, जबकि तीसरे नाम के खुलासे की बात भी की गई है।

**सपा और कांग्रेस के कुछ बड़े नेता भी शामिल- आशुतोष :** प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े कथित यौन शोषण मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने नया दावा करते हुए कहा है कि मठ का कामकाज देखने वाले सीईओ प्रकाश उपाध्याय भी नाबालिग बटुकों के यौन शोषण में शामिल हैं. उनका आरोप है कि प्रकाश उपाध्याय बाढ़ग्रस्त राज्यों से बटुकों को लाता था और गुरु सेवा के नाम पर मुकुंदानंद गिरी के साथ मिलकर उन्हें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पास भेजता था. इससे पहले आशुतोष ब्रह्मचारी अरविंद मिश्रा का नाम भी सामने ला चुके हैं और दावा किया था कि अरविंद स्वामी का गुरुभाई है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने यह भी आरोप लगाया है कि सपा और कांग्रेस के कुछ बड़े नेता भी इस पूरे प्रकरण में शामिल हैं।

## करोल बाग से SC के जजों तक... कैसे NCERT किताब पर 48 घंटे में गिरा 'सुप्रीम हथौड़ा', जानें- पर्दे के पीछे की कहानी

**लोक तंत्र की आवाज़**





**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा NCERT की कक्षा 8 की किताब पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के पीछे की कहानी किसी तेज़-रफ्तार राजनीतिक थ्रिलर से कम नहीं. 48 घंटे तक चली हलचल, करोल बाग के एक बुकस्टोर की अहम भूमिका, जजों की कॉफी मीटिंग और CJI की कड़क नाराज़गी... ये सब मिलकर बताते हैं कि कैसे मामला अखबार की एक रिपोर्ट से देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया।

**मंगलवार की सुबह: CJI को अखबार में दिखा 'करेप्शन इन ज्यूडिशियरी':** NCERT की नई किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाला सेक्शन देखकर CJI सुर्या कांत चौंक पड़े. यह रिपोर्ट मीडिया में छपी थी. CJI ने तुरंत आदेश दिया, 'किताब की कॉपी तुरंत लाई जाए.' समस्या यह थी कि बाजार में कुल 32 कॉपियां ही पहुंची थीं. किताब मिलना लगभग असंभव था।

**करोल बाग का मिशन: 'सैंपल कॉपी' की खोज :** रजिस्ट्री ने कई जगह खोज की लेकिन कोई कॉपी नहीं मिली. तभी एक वरिष्ठ अधिकारी को करोल बाग के एक बुकस्टोर की याद आई. स्टोर के पास बिक्री की कॉपी तो नहीं थी, लेकिन एक सैंपल कॉपी मौजूद थी. झटपट वह कॉपी CJI तक पहुंचाई गई. इसके बाद रजिस्ट्री ने NCERT से आधिकारिक कॉपी भी मंगवाई जो शाम तक पहुंच गई।

**बुधवार सुबह जजेज़ लाउंज: कॉफी पर 'किताब की सुनवाई':** CJI अगले दिन किताब जजों की रोज की कॉफी मीटिंग में ले गए. उन्होंने अध्याय दिखाकर पूछा, 'आपकी क्या राय है?' सभी जजों का एकमत निर्णय, 'न्यायपालिका की गरिमा पर प्रहार है. कोर्ट को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए.' यहीं तय हो गया कि सुप्रीम कोर्ट सुओ मोटो एक्शन लेगा।

**कोर्ट में CJI की गरज 'ज्यूडिशियरी को बदनाम करने का अधिकार किसी को नहीं' :** दोपहर तक मामला अदालत में था. सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने किताब की सामग्री पर चिंता जताई. CJI ने नाराज़गी से कहा, 'मैं किसी को न्यायपालिका की साख पर चोट नहीं करने दूंगा. चाहे वो कितना भी ऊंचा क्यों न हो. कानून अपना काम करेगा। सुप्रीम कोर्ट की कड़ी प्रतिक्रिया देखते ही NCERT हरकत में आया. NCERT ने कहा अध्याय में अनुचित सामग्री और निर्णय की त्रुटि शामिल हो गई थी।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर FIR के खिलाफ ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन

### SIT जांच की मांग

**लोक तंत्र की आवाज़**



**शामली,यूपी।** जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर (FIR) के विरोध में शामली जनपद में ब्राह्मण समाज का भारी आक्रोश देखने को मिला है. ब्राह्मण समाज के लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।

ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर कोठारी ने कहा कि शंकराचार्य जी पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार हैं. उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी को 'फ्रॉड' करार देते हुए कहा कि वह कोई महाराज नहीं है. उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस मामले की तुरंत और निष्पक्ष जांच हो ताकि 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो सके. (बाइटः प्रेम शंकर कोठारी, जिलाध्यक्ष, ब्राह्मण समाज)

**माघ मेले में हुए अपमान पर जताया रोष :** ब्राह्मण नेता ओम प्रकाश शर्मा ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि देश में चार शंकराचार्य हैं और सभी हिंदुओं के लिए सर्वोपरि तथा पूजनीय हैं. पवित्र माघ मेले में शंकराचार्य जी और उनके शिष्यों के साथ जो घटना हुई और उन्हें स्नान से रोका गया, वह बेहद निंदनीय है. उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो सरकार खुद को हिंदुओं की सरकार कहती है, उसी के राज में हिंदुओं के सर्वोच्च धर्मगुरु को प्रताड़ित और अपमानित किया जा रहा है।

**'आरोपी का है आपराधिक इतिहास, गठित हो SIT':** ब्राह्मण नेताओं ने स्पष्ट किया कि आरोप लगाने वाले आशुतोष पांडे का ब्राह्मण समाज से कोई लेना-देना नहीं है. आरोप लगाया गया कि उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और वह बार-बार अपना नाम बदलता है, जिससे उसकी मंशा पर साफ सवाल उठते हैं. प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की है कि एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया जाए, ताकि यह खुलासा हो सके कि यह साजिश किसके इशारे पर रची गई है।

### गौ-हत्या के खिलाफ बोलने पर रची गई साजिश?

ओम प्रकाश शर्मा ने आरोप लगाया कि जब से शंकराचार्य जी ने गौ-हत्या के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई है, तभी से उनके खिलाफ यह षड्यंत्र चल रहा है. चूंकि वह एक गैर-राजनीतिक व्यक्तित्व हैं और केवल धर्म की बात करते हैं—जो सही है उसकी सराहना करते हैं और गलत का विरोध करते हैं।

## झारखंड बजट सत्र में विपक्ष की 'रहस्यमयी चुप्पी' के पीछे क्या है खेल?

**लोक तंत्र की आवाज़**

### BJP विधायक ने खोल दिया राज!




**रांची।** बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और बाहर विपक्ष की उदासीनता इन दिनों सियासी गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है. राज्यपाल के अभिभाषण से 18 फरवरी से शुरू हुई सदन की कार्यवाही में इस बार विपक्ष के द्वारा अभिभाषण के चर्चा पर कोई संशोधन नहीं लाया जाना भी सवालों में है. एनडीए की बैठक की बात तो दूर यह पहला मौका है जब विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक भी बजट सत्र को लेकर नहीं बुलाई गई।

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के चेंबर में विधायक दल की बैठक कर औपचारिकता निभाई गई. 17 दिनों के इस बजट सत्र में सात दिनों का कार्य दिवस पूर्ण हो चुका है. ऐसे में शेष बचे कार्य दिवस में उम्मीद की जा रही है कि विपक्ष के रुख में होली के बाद कोई बदलाव होता दिखेगा।

**विपक्ष की सुस्ती सवालों के घेरे में:** सदन में विपक्षी विधायकों के रुख पर सत्तापक्ष भी हतप्रभ है जेएमएम विधायक दशरथ गगराई कहते हैं कि यह पहला मौका है जब विपक्ष इतना सुस्त है. उन्होंने कहा कि 2014 से सदन की कार्यवाही को देख रहे हैं, लेकिन पहली बार यह देखा जा रहा है कि विपक्ष की भूमिका जो होनी चाहिए जिससे सदन की गरिमा और बढ़े वैसा नहीं है. उन्होंने कहा कि एक कारण नगर निकाय चुनाव भी है. उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में कई माननीय सदस्यों के परिवार के लोग भी खड़े हैं. कल चुनाव परिणाम आ जाएगा तो उसके बाद सब कुछ सामान्य हो सकता है। वहीं कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह कहती हैं कि सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों की अहम भूमिका होती है, लेकिन विपक्ष सुस्त है और सिर्फ बजट पर आलोचना कर इतिश्री करना चाहता है,।

**यह भी विरोध का एक तरीकाः सीपी सिंह :** वहीं इस संबंध में जब भाजपा विधायक सीपी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह भी विरोध का एक तरीका है. उन्होंने कहा कि जापान में सरकार से कोई बात मनवानी रहती है तो कारखाने वाले इतना उत्पादन कर देते हैं कि सरकार के लिए मुसीबत खड़ी हो जाती है. वह हड़ताल नहीं करते हैं, बल्कि उत्पादन इतना कर देते हैं कि इससे परेशानी बढ़ जाती है।

**विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं: हफीजुल हसन :** वहीं मंत्री हफीजुल हसन कहते हैं कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है. जैसे कि मंईयां सम्मान योजना में जो राशि मिलती है उसपर विपक्ष बोलता था, लेकिन वह अब मुद्दा ही नहीं रहा. इसी तरह से जो भी सवाल विपक्ष के द्वारा उठाए जाते हैं उसका जवाब सत्ता पक्ष के द्वारा पहले से ही तैयार कर रखा जाता है और दिया भी जाता है। ऐसे में विपक्ष मुद्दा विहीन है और यही बड़ी वजह है कि वह सदन के अंदर और बाहर सुस्त हो गया है. एक सवाल के जवाब में हफीजुल हसन ने कहा कि कोई भी राजनीतिक खिचड़ी विपक्ष के साथ नहीं पक रही है।

## बिहार में ट्रैफिक चालान को लेकर बड़ा बदलाव, अब नियम उल्लंघन पर एक दिन में कटेगा सिर्फ एक चालान

**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**



**पटना।** ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। अब एक ही गलती के लिए एक ही दिन में कई बार चालान नहीं कटेगा। जिला परिवहन कार्यालय और ट्रैफिक पुलिस ने चालान सिस्टम में बड़ा सुधार किया है। नई व्यवस्था के तहत, यदि किसी वाहन का एक बार ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन (जैसे हेलमेट न पहनना या ट्रिपल राइडिंग आदि) के लिए चालान कट गया है, तो उसी विशिष्ट गलती के लिए उस दिन दोबारा चालान नहीं काटा जाएगा।

दरअसल, पिछले कुछ महीनों में ऐसी कई शिकायतें सामने आई थीं, जहां एक ही वाहन चालक का एक ही गलती के लिए दिन में चार से पांच बार तक अलग-अलग जगहों पर चालान काट दिया गया। इससे वाहन चालकों पर हजारों रुपये का जुर्माना एक ही दिन में लग जा रहा था। बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर पटना जिला परिवहन कार्यालय पहुंच रहे थे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पटना जिला परिवहन कार्यालय ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर चालान मशीन को अपडेट कर दिया है। अब जैसे ही किसी वाहन का चालान कटेगा, सिस्टम में उसकी एंट्री हो जाएगी। अगर उसी दिन दोबारा चालान काटने की कोशिश की जाती है, तो मशीन तुरंत बता देगी कि इस वाहन का चालान आज कहां और किस कारण से चालान पहले ही कट चुका है।

अधिकारियों ने साफ किया है कि अगर किसी वाहन चालक को फिर भी दिक्कत होती है, तो वे ट्रैफिक पुलिस या जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

नई व्यवस्था से जहां वाहन चालकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी, वहीं ट्रैफिक प्रवर्तन प्रणाली भी ज्यादा पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनेगी।

## संसद में अविश्वास प्रस्तावः विपक्ष की एकता पर सवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** बजट सत्र का दूसरा चरण संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से आरंभ होगा। पहले दिन, स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी, और उसी दिन शाम तक इस पर मतदान भी होगा। हालांकि, यह स्पष्ट है कि विपक्ष का यह प्रस्ताव सदन में अमान्य कर दिया जाएगा। फिर भी, इस मुद्दे पर कुछ संशय बना हुआ है, खासकर यह देखने के लिए कि क्या विपक्षी दल एकजुट होकर इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

विपक्ष में इस प्रस्ताव को लेकर एकमत नहीं है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए। पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी का मानना है कि स्पीकर को अविश्वास प्रस्ताव लाने से पहले थोड़ा समय दिया जाना चाहिए। उनका सुझाव है कि विपक्ष को स्पीकर को अपने कार्यशैली में सुधार का एक और मौका देना चाहिए,।

**समाजवादी पार्टी की स्थितिः** जानकारों के अनुसार, समाजवादी पार्टी में भी इस मुद्दे पर एकमत नहीं है कि स्पीकर के खिलाफ विवाद को इस स्तर तक ले जाया जाए। हालांकि, समाजवादी पार्टी के सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, लेकिन यह कांग्रेस के दबाव में किया गया। यह ध्यान देने योग्य है कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर न तो राहुल गांधी और न ही अखिलेश यादव के हस्ताक्षर हैं। यह संयोग नहीं है कि लोकसभा में विपक्ष की तीन सबसे बड़ी पार्टियों के नेताओं ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए।

**विपक्ष की तैयारीः** हालांकि प्रस्ताव पेश होने और चर्चा के लिए दिन तय होने के बाद भी विपक्षी दलों में कोई उत्साह या तैयारी नहीं दिख रही है। लोकसभा में सत्तारूढ़ एनडीए के पास 293 सांसद हैं, जो बहुमत से 21 अधिक हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ब्लॉक के पास 204 सांसद हैं, जिसमें ममता बनर्जी की पार्टी के 29 सांसद शामिल हैं। जानकारों का कहना है कि सरकार अपने 293 सांसदों पर निर्भर नहीं रहेगी, क्योंकि भाजपा के पास केवल 240 सांसद हैं। इसलिए, कुछ अन्य दलों से संपर्क किया जा रहा है। भाजपा की योजना कांग्रेस को अलग थलग करने की है।

## सोनिया गांधी और राहुल के खिलाफ चुनाव लड़ चुके BJP नेता अपनी सरकार में परेशान!

**लोक तंत्र की आवाज़**



**लखनऊ।** यूपी के रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अपनी ही सरकार में परेशान दिखाई दे रहे हैं।

दरअसल, यूपी विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के यहां 25 फरवरी को आयकर विभाग का छापा पड़ा. यह छापा पड़ने के बाद ही भारतीय जनता पार्टी के नेता ने सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर एक पोस्ट की और इसे राजनीतिक बदला करार दिया। फिर जब उनके इस बयान पर हंगामा मचा तो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का जिक्र करते हुए समेत भारतीय संस्कारों की दुहाई देते हुए सफाई भी दी. एक साक्षात्कार साझा करते हुए फेसबुक पर राज्य मंत्री ने लिखा- भारतीय संस्कार संस्कृति में संवेदना होना और संवेदनशील होना आवश्यक है, मुझे गर्व है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह संवेदनशील अभिवावक के रूप में हैं. एक बेटी का बाप होने पर मेरा कर्तव्य है कि अपनी बेटी के साथ सुख दुख में खड़ा रहूँ. बेटी नहीं छोड़ी जा सकती है, राजनीति छोड़ी जा सकती है, और जो बाप, बेटी छोड़ सकता है, राजनीति में उसपर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

**डॉक्टर, नर्स नहीं जाने देना और...' दिनेश प्रताप सिंह के गंभीर आरोपः** उन्होंने कहा कि बेटी नहीं छोड़ी जा सकती है राजनीति छोड़ी जा सकती है. जो बाप बेटी छोड़ सकता है उस पर राजनीति में भरोसा नहीं किया जा सकता है। एक बेटी के दुख में शामिल होना एक पिता के तौर पर मेरी जिम्मेदारी भी है. मंत्री ने कहा कि उमाशंकर दो वर्षों से फोर्थ स्टेज के कैंसर का इलाज करा रहे हैं. उनका परिवार उमाशंकर सिंह की सांस बचाने के लिए लगा हुआ है. प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री द्वारा उनके इलाज के लिए मदद हुई। उन्होंने कहा कि जो एजेंसियां गलत समय पर उनके घर में घुसकर डॉक्टर, नर्स को नहीं जाने देना, अगर उनको (उमाशंकर) थोड़ा भी चोट लग जाए तो उनकी जान भी जा सकती है. ऐसे में समय में कोई नेता या एजेसी बदला लेने के लिए या निष्पक्षता से ही कार्रवाई कर रही हो लेकिन यह उचित समय नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**एकंगरसराय।** गुरुवार को एकंगरसराय तेल्हाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित चमरबिगहा गाँव के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार कि दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले घोषी थाना के गंगापुर गांव निवासी बिन्दु यादव का 20 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार के रूप में की गई है ।घायल विक्की कुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकंगरसराय में भर्ती कराया गया, जहाँ चिकिसक ने विक्की कुमार को मृत घोषित कर दिया। तेल्हाड़ा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ भेज दिया हैं ।घटना के सम्बंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि मोटरसाइकिल से विक्की कुमार अपने गाँव से एकंगरसराय आ रहे थे,कि एकंगरसराय तेल्हाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित चमर बिगहा गाँव के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया ।लोगों ने बताया कि मृतक के पिता बिन्दु यादव मजदूरी का काम करते हैं।

### दवा विक्रेता संघ की बैठक सह होली मिलन समारोह संपन्न



**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित श्वेता क्लीनिक परिसर में गुरुवार को दवा विक्रेता संघ की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुनेश्वर प्रसाद ने की। बैठक में संघ की मजबूती, सदस्यों के बीच आपसी समन्वय तथा दवा व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। सभी सदस्यों को नियमों का पालन करते हुए व्यवसाय करना चाहिए तथा किसी भी समस्या की स्थिति में सामूहिक रूप से समाधान का प्रयास करना चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ को और सक्रिय बनाया जाएगा। बैठक के उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, शिव कुमार पाल, मिथलेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ऑफ गया द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन



**गया।** इनर व्हील क्लब आफ गया एवं रोटरु क्लब आफ गया सिटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम चैनपुर, टेकारी में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया है। इस मेगा हेल्थ कैंप में विभिन्न विशेषज्ञताओं के कुल 23 डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं गया है। शिविर में लगभग 800 मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच एवं परामर्श किया गया है। जरूरतमंद मरीजों को एक सप्ताह की नि :शुल्क दवाइयाँ जे बी राय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई गईं हैं। क्लब की अध्यक्षा दूर्वा सहाय एवं सचिव डॉ. मंजू सिन्हा के नेतृत्व में क्लब की 11 सदस्यों (2+9) ने सक्रिय सहभागिता निभाई है। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। स्थानीय नागरिकों ने क्लब की इस सराहनीय पहल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# वारिसलीगंज में मारवाड़ी समाज ने श्री खाटू वाले श्याम महोत्सव को लेकर निकाली भव्य निशान यात्रा

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा ।** वारिसलीगंज मारवाड़ी समाज के श्री श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को फाल्गुन महोत्सव के मौके अपने आराध्य श्री खाटू वाले श्याम बाबा की निशान यात्रा एवं कीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में गुमटी रोड दुर्गा माता रानी के प्रांगण से श्याम बाबा का निशान यात्रा शुरू की गई। जिसमे समाज की पुरूष व महिलाएं अपने हाथों में श्याम की फोटो युक्त निशान लेकर झूमते नाचते यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में राधा कृष्ण एवं बाल गोपाल की भव्य झांकी नगर के गुमटी रोड स्थित दुर्गा माता के प्रांगण से पूजा पाठ बाद निशान यात्रा का शुभारंभ किया गया। जो सब्जी मंडी के रास्ते पुरानी बैंक रोड उत्तर बाजार से होकर मेन रोड ठाकुरवाड़ी रोड हुए श्री महेश सुल्तानिया के प्रांगण में आकर कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हो गया। इस दौरान डीजे एवं पारंपरिक ढोल बाजे के धुन पर थिरकते पीले वस्त्रों से सुसज्जित युवा, महिलाएं व पुरुष श्री श्याम से जुड़े भजन कीर्तन में लयबद्ध तरीके से साथ दे रहे थे। मौके पर विभिन्न रंगों का गुलाल एक दूसरे को लगा महिलाएं और पुरुष युवा झूमते नज़र आये। यात्रा में कोलकाता से आई महिला पुरुष कलाकारों द्वारा श्री श्याम, राधिका एवं सखियों का रूप



धारण कर भव्य झांकी निकाली गई। जबकि आज शाम भजन संध्या का कार्यक्रम धनबाद के फेमस कलाकार कंचन पांडे , कृष मित्तल, विवेक अग्रवाल के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अध्यक्ष कन्हैया तंबाकू वाला, सचिव पवन बंका, उपसचिव मनीष कमलिया, कोषाध्यक्ष दिनेश सुल्तानिया, मौके पर रविन्द्र शर्मा, अंकित, केशव, मुकुंद प्रेम अग्रवाल,टुनटुन ड्रोलिया, अनंत कमलिया, मयंक कमलिया, पंकज बंका, आरव, सुजाता, अनीता कमलिया, सोनू शर्मा, जूही, आम्रपाली, आशा जैन,



अंजू,सोनल, नीतू, मीतू, ध्रुव, मनोज तंबाकूवाला, पुरोहित रमाकांत शर्मा, सुरक्षा के लिए वारिसलीगंज के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय कुमार तिवारी जी और स्थानीय पत्रकार मिथलेश कुमार, प्रदीप कुमार, सानु सिंह, मौजूद थे।

## मिशन परिवार विकास को सफल बनाने पर जोर, दिया गया



लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड समन्वय बैठक मिशन पर परिवार विकास कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने की। बैठक में परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को संतुलित करने के लिए परिवार नियोजन के साधनों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि मिशन परिवार विकास को जन-जन तक पहुंचाने में स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका एवं अन्य विभाग सक्रिय सहयोग करें, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके।बैठक में परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के प्रचार-प्रसार, योग्य दंपत्तियों की पहचान, काउंसिलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर बल दिया गया। साथ ही क्षेत्र में कार्यरत आशा एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर संपर्क अभियान चलाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर चिकित्सापदाधिकारी डॉ. शशि भूषण कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक हशीबुर रहमान, प्रखंड लेखा प्रबंधक मोहन कुमार, बीसीएम रेणुका कुमारी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक कुश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन, महिला पर्यवेक्षिका पूनम कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मी के घर चोरी, लाखों के गहने-नकदी ले उड़े बदमाश

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ ।** जिले में अब पुलिसकर्मियों के घर भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा मामला बिहारशरीफ के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल कॉलेज के समीप नीमगंज मोहल्ले का है, जहां भागलपुर पुलिस में तैनात पीटीसी सुधीर कुमार के बंद पड़े मकान में चोरी की बड़ी वारदात हुई।पीड़ित की पत्नी सीमा कुमारी ने बताया कि 24 फरवरी की शाम पूरा परिवार चचेरे देवर की शादी में शामिल होने पैतृक गांव (सारे थाना क्षेत्र, कैला गांव) गया था। घर पर ताला बंद था। देर रात बदमाशों ने मेन गेट का लॉक काटकर अंदर प्रवेश किया और कमरों व अलमारी के ताले तोड़ दिए।अगली सुबह पड़ोसियों ने मुख्य गेट का ताला टूटा देखा,जिसकी सूचना दी गई। परिवार के लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला। चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और करीब 2 लाख रुपये नकद सहित कई कीमती सामान पार कर दिए। चोरी गए सामान में सोने की चेन, मांगटीका, अंगूठी, कान की बाली, लेनोवो टैब, सैमसंग मोबाइल, कासा-पीतल के बर्तन व जरूरी कागजात शामिल हैं। पड़ोसी अनिरुद्ध ठाकुर (असम राइफल्स में तैनात) ने बताया कि उनके घर में भी पूर्व में चोरी हो चुकी है। इलाके में नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है और पुलिस की शिथिलता से असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ा है ।शिक्षक राजदेव प्रसाद ने आरोप लगाया कि पहले पुलिस बाइक से रात्रि गश्ती करती थी, लेकिन अब गश्त में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे क्षेत्र में ताले टूटने की घटनाएं बढ़ी हैं। घटना के दौरान बदमाश करीब तीन-चार घंटे तक घर में रहे और ताले तोड़ते रहे, लेकिन किसी को भनक नहीं लगी। ऐसे में आसपास के लोगों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

## कौआकोल : पावापुरी गोवरैया गांव में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का हुआ शुभारंभ





लोक तंत्र की आवाज

**कौआकोल।** प्रखण्ड के पावापुरी गोवरैया गांव में ग्रामीणों के सहयोग से हुए शिव मंदिर नवनिर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसके प्रथम दिवस गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 500 से अधिक महिलाओं ने अपने अपने सर पर कलश रखकर गांव का भ्रमण किया। कलश यात्रा पावापुरी गोवरैया गांव स्थित मन्दिर व यज्ञ मण्डप परिसर से निकलकर गांव भ्रमण करते हुए रानीबाजार होते हुए ब्लॉक परिसर अवस्थित शिव मन्दिर पहुंचा। वहां से पुनः रानीबाजार सूर्य मंदिर तक कलश यात्रा पहुंची। जहां वाराणसी से आए ब्राह्मण पण्डित जालेश्वर पंडित की देखरेख में जलभराई की गई। इसके बाद कलश यात्रा पुनः गोवरैया गांव स्थित यज्ञ मण्डप के पास पहुँची। यज्ञ मण्डप में विधिवत कलश स्थापना के बाद पूजा अर्चना शुरू की गई। आयोजनकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को समस्त वेदी पूजन एवं शनिवार को नगर भ्रमण,अधिवास के बाद प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन व पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञ को लेकर गांव तथा आस-पास का माहौल भक्तिमय हो गया है। कलश यात्रा में विक्की पांडेय,गुड्डु यादव,बिरेन्द्र कुमार उर्फ बीरू यादव,रणजीत ठाकुर समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे। यज्ञ में मुख्य भूमिका स्थानीय ग्रामीण राजकुमार सिंह उर्फ राजू सिंह तथा उनकी पत्नी प्रियंका सिंह निभा रहीं हैं।

## बिहार पुलिस सप्ताह दिवस पर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज


धर्मेंद्र कुमार शर्मा



**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय के मैदान में मीडिया और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया टीम ने बिहार पुलिस की पकरीबरावां टीम को हराया खिताब पर अपना कब्जा गुरुवार को पकरीबरावां प्रखंड इंटर विद्यालय के खेल मैदान परिसर में दोपहर दो बजे बिहार पुलिस सप्ताह दिवस पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया इस दौरान बिहार पुलिस पकरीबरावां थाना की टीम बनाम पकरीबरावां मीडिया की टीम का मुकाबला आयोजित किया गया खेल का शुभारंभ पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया जिसमें मीडिया के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया की टीम ने 12 ओवर में मात्र एक विकेट खोकर 207 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया जिसका पीछा करते हुए 12 पकरीबरावां पुलिस की टीम पूरे 12 ओवर खेलकर मात्र153 बटोर पाई इस प्रकार 54 रन से पकरीबरावां पुलिस की टीम पराजित हुई वहीं बेस्ट प्लेयर का अवार्ड मीडिया की टीम के सुभाष तेंदुलकर को दिया गया उन्होंने अपनी टीम के लिए 136 रन बटोरे वहीं मैंन ऑफ द मैच का आवर्ड बिहार पुलिस टीम के रवि प्रकाश को दिया गया उन्होंने अपनी टीम के लिए 54 रन बटोरे जहां मीडिया के ओर से सुभाष तेंदुलकर नाबाद 136 रन बनाए वही पुलिस की ओर से एस आई कन्हैया लाल एवं रवि प्रकाश के सहयोग से 100 रन बनाकर सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया इस प्रकार विजेता एवं उपविजेता टीम को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर एवं पकरीबरावां थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने ट्रॉफी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन का बिहार पुलिस प्रत्येक वर्ष कराती रही है बिहार पुलिस का उद्देश्य है कि मीडिया पब्लिक और पुलिस के साथ मित्रवत भावना के साथ क्षेत्र में काम करे ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बेहतर रूप में बहाल करने में सभी लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी समझ सके और पुलिस और पब्लिक के बीच जो दूरियां है उसकी दूरियों को कम कर बेहतर संबंध स्थापित किया जा सके।

## मलमास मेला 2026 की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

लोक तंत्र की आवाज




**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आज मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी मलमास मेला 17 मई से 15 जून 2026 तक राजगीर में आयोजित होगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म कुंड में स्नान के लिए पहुंचते हैं।बैठक में सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, चेंजिंग रूम, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, आवासन, खानपान, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, बैरिकेडिंग, अग्निशमन व्यवस्था एवं मोबाइल शौचालय सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।डीएम ने निर्देश दिया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग एवं पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, चिकित्सक एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। खोया-पाया केंद्र, कैंटीन, दीदी की रसोई और सस्ती रोटी काउंटर भी संचालित होंगे।श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रेलवे स्टेशन, मेला थाना, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, ब्रह्म कुंड घाट, स्टेट गेस्ट हाउस, सैनिक स्कूल, महाराजा होटल, गढ़ महादेव, वैतरणी घाट एवं पीएचईडी कैंपस में वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) बनाए जाएंगे।डीएम ने ब्रह्म कुंड की अविरल जलधारा बनाए रखने तथा वैतरणी घाट की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। शाही स्नान के दौरान प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी।बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखंड कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत करने का आवाहन

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में संगठन सृजन अभियान के तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवलेश कुमार ने की। बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह एवं पर्यवेक्षक जयशंकर पाठक ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना आवश्यक है। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पंचायत और वार्ड में सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करना है, ताकि आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।जिलाध्यक्ष ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाएं। पर्यवेक्षक जयशंकर पाठक ने भी संगठन विस्तार की प्रक्रिया को तेज करने तथा युवा और नए सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया।बैठक के दौरान पंचायत एवं बूथ स्तर पर कमिटी गठन, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामीराजनीतिक गतिविधियों को लेकर रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी को और अधिक धारदार एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह कांग्रेस की बैठक में संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने



का आह्वानसंगठन सृजन अभियान के तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवलेश कुमार ने की। बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह एवं पर्यवेक्षक जयशंकर पाठक ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना आवश्यक है। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पंचायत और वार्ड में सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करना है, ताकि आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।जिलाध्यक्ष ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाएं। पर्यवेक्षक जयशंकर पाठक ने भी संगठन विस्तार की प्रक्रिया को तेज करने तथा युवा और नए सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया।बैठक के दौरान पंचायत एवं बूथ स्तर पर कमिटी गठन, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामीराजनीतिक गतिविधियों को लेकर रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी को और अधिक धारदार एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, राजीव कुमार, प्रमोद यादव, मनोज कुमार, विजय सिंह, मो. भोलू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।साद शर्मा, राजीव कुमार, प्रमोद यादव, मनोज कुमार, विजय सिंह, मो. भोलू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सिरदला की आम बैठक में योजनाओं की समीक्षा, अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता



**सिरदला (नवादा)।** प्रखंड कार्यालय सिरदला स्थित कृषि भवन सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सिरदला की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्य, माननीय मुखियागण तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख श्रीमती अर्चना कुमारी गुप्ता ने की, जबकि संचालन प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सह अतिरिक्त कार्यपालक पदाधिकारी श्री पुरुषोत्तम चौधरी ने किया। बैठक के दौरान प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, लंबित कार्यों तथा आमजन से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रमुख ने सभी अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में अनुपस्थित पाए गए कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में अंचलाधिकारी भोला जी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज नारायण प्रसाद सिंह, बिजली विभाग के नसीरुद्दीन अंसारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ मैनेजर मनोज कुमार सिन्हा, मुखिया लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मनरेगा पदाधिकारी, कृषि समन्वयक सुरेंद्र पाल, योजना कार्यालय की अपराजिता एवं जीविका के पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### यूपी कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर से मिले सुरेंद्र सिंह भाटी, नोएडा में पंचायत चुनाव बहाली को लेकर



असद सिद्दीकी
**देवबंद** 26 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े किसान नेता और समाजसेवी सुरेंद्र सिंह भाटी साकीपुर वाले जिला गौतम बुद्ध नगर नोएडा पंचायत राज्य बहाली के लिए पंचायत राज विभाग और अल्पसंख्यक विभाग से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री पंचायत राज विभाग ओमप्रकाश राजभर जी से मिले। हालांकि श्री भाटी इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बता रहे हैं लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसके मायने कुछ और लगाए जा रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुछ नया हो सकता है। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने बताया कि फिलहाल जो समस्याएं थी वह मंत्री जी के सामने प्रमुखता के साथ रखी हैं, जल्द ही नोएडा में कुछ चीजों को लेकर घोषणा होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश और प्रदेश के बहुत सारे लोग पिछड़ा वर्ग की राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं को लेकर बड़ा निर्णय ले सकते हैं और इसके लिए विधिवत एक बड़ी प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। भविष्य की राजनीतिक चर्चा पर उन्होंने कहा कि राजनीति में सब कुछ संभव है और किसी भी प्रकार के तालमेल से मना नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि पिछड़ा वर्ग और खासकर गुर्जर समाज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ा वजूद रखता है इसलिए आगामी समय में राजनीति के नए आयाम लागू हो सकते हैं और बहुत सारे बड़े नेता और कई दलों के लोग भी हमारे संपर्क में हैं। हम सभी लोग मिलकर बड़े निर्णय ले चुके हैं जो आगामी समय में उत्तर प्रदेश और देश की जनता को देखने को मिलेगा। अब समय की जरूरत है कि कुछ आम जनता और समाजों के हित में किया जाए।

### बिजनौर प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने पर जताई खुशी



रिपोर्ट मुकेश सिंह
उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिला महामंत्री अनुज राणा, किरतपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द कुमार निर्वाल, नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष दीपा चक्रवर्ती के नेतृत्व एवम धर्मेंद्र तोमर जी के संचालन मे नजीबाबाद एवम किरतपुर की ब्लॉक कार्यकारिणी ने श्री राजमोहन गुप्ता जी खण्ड शिक्षा अधिकारी नजीबाबाद ,विधान सभा 17- नजीबाबाद के प्रत्याशी श्री राजीव अग्रवालजी ,नगर अध्यक्ष श्री नकुल अग्रवाल जी जिला मंत्री भाजपा श्री बलराज त्यागी जी , की गरिमामयी ऊपस्थिति में नगर क्षेत्र विद्यालय वाहिदनगर पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित जनपद बिजनौर के सभी विकास खण्डों से आए शिक्षामित्र गणों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर माननीयों का फूल मालाओ और मिठाई खिलाकर स्वागत,अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला महामंत्री अनुज राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय ₹10,000 से बढ़ाकर ₹18,000 किए जाने, कैशलेस चिकित्सा योजना में शामिल करने तथा निकटतम विद्यालय में समायोजन सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।। इस दौरान माननीयो ने शिक्षामित्र साथियों से आत्मीय संवाद कर उनकी भावनाओं को सुना तथा सभी को मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षामित्रों के सम्मान, सुरक्षा एवं हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर दीपा रानी ,धर्मेंद्र तोमर, अनुज राणा, विनोद कुमार, अरविन्द कुमार निर्वाल, इरशाद अहमद, रामावतार, किरणलता, किरणवाला, प्रियंका ,बृजपाल सिंह ललिता, कविता,मुनेश आदि शिक्षामित्र उपस्थित थे।

# भारत को विश्वगुरुबनाने के लिए वसुधैव कुटुंबकम की भावना को प्रबल करना होगा : स्वामी यतिश्वरनंद

## आजादी के आंदोलन में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान-:स्वामी आदित्यवेश

लोकतंत्र की आवाज






असद सिद्दीकी
देवबंद आर्य उप प्रतिनिधि सभा देवबंद एवं जिला आर्य प्रतिनिधि सभा सहारनपुर के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक धर्म जागृति सम्मेलन एवं शोभायात्रा का आयोजन देवबंद मे ऋषि दयानन्द के 200वें जन्मजयंती वर्ष,आर्य समाज स्थापना दिवस एवं स्वतंत्रता सेनानी, गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद के 170 वें जन्मदिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम मे हरिद्वार से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने कहा कि यदि भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है तो ''वसुधैव कुटुंबकम'' की भावना को समाज में सशक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति और प्रगति का मार्ग सामाजिक सौहार्द, समरसता और नैतिक मूल्यों से होकर गुजरता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ''वेदों की ओर लौटो'' का आह्वान इसलिए किया था क्योंकि जब तक भारतवासी वेदों के आदर्शों पर जीवन जीते रहे, तब तक भारत विश्व का नेतृत्व करता रहा। उन्होने बताया कि आर्य समाज द्वारा संचालित ''सप्तक्रांति संकल्प अभियान'' के माध्यम से जातिवाद, साम्प्रदायिकता, धार्मिक अंधविश्वास, नारी उत्पीड़न, नशाखोरी, भ्रष्टाचार और शोषण जैसी कुरीतियों से मुक्त समाज के निर्माण का सतत प्रयास किया जा रहा है.देश को मानसिक, शैक्षिक,आर्थिक गुलामी से मुक्त करने के लिए आवश्यक है कि हमें प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति, आयुर्वेद एवं स्वदेशी को प्राथमिकता देनी होगी। ऋषि दयानन्द सरस्वती ने 150 वर्ष पूर्व सत्यार्थ प्रकाश मे लिखते हुए कहा था कि देश मे अनिवार्य, समान एवं निशुल्क शिक्षा होनी चाहिए। उन्होंने स्वभाषा एवं स्वराज्य के संकल्प को चरितार्थ करने पर बल दिया। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव ओर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आज़ादी के आंदोलन मे आर्य समाज एवं उसके कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद के 100वें बलिदान दिवस के अवसर पर हरिद्वार में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं के सहभागी होने की संभावना है।जिसमे देश मे वैकल्पिक शिक्षा प्रणाली पर प्रबुद्ध विद्वान विचार करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी एक वर्ष में विभिन्न संगठनों के माध्यम से एक लाख युवाओं को आर्य समाज से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अनूप राठी ने कहा कि यह वर्ष आर्य समाज की स्थापना का 150वां वर्ष है। बीते डेढ़ शताब्दी में आर्य समाज ने स्वतंत्रता आंदोलन, नारी शिक्षा, सामाजिक समरसता तथा कुरीतियों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विपिन आर्य ने बताया कि इस उपलक्ष्य में देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ओस अवसर पर घर् घर् यज्ञ मुहीम को सफल बनाने वाले तथा सत्यार्थ प्रकाश प्रतियोगिता मे उत्तीर्ण होने वाले लगभग 50 कार्यकर्त्ताओं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भयज्ञ के माध्यम से हुआ जिसका ब्रह्मत्व अमरेश शास्त्री रहे। उन्होने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।सम्मेलन के पश्चात् शोभायात्रा का आयोजन स्वामी यह तीसरा नंद के नेतृत्व में किया गया. राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम को सोपा गया इस अवसर पर कृष्णानंद स्वामी रामानंद स्वामी शांतनु आनंद मनी एवं जिला आर्य प्रतिनिधि सभा मुजफ्फरनगर सहारनपुर शामली हरिद्वार के अधिकारी एवं देवबंद के सभी स्थानीय आर्य नेता एवं कार्यकर्ता श्री महीपाल आर्य जी प्रधान जिला सभा जिला मन्त्री अवनीश आर्य रामकिशोरी आर्य मांगेराम आर्य पूर्व प्रधान,देवेन्द्र आर्य पूर्व प्रधान,अनिल आर्य मा जनेश्वर प्रसाद,श्री मुकेश आर्य प्रधान तहसील सभा डा सुरेन्द्र आर्य मन्त्री तहसील सभा श्री अजब सिंह आर्य कोषाध्यक्ष तहसील सभा देवबन्द,अमरीश आर्य,मुकेश आर्य पंकज आर्य,कन्हैया आर्य,विनोद आर्य,विकास आर्य आर्य,विजयपाल आर्य,शिवराज आर्य,डा महावीर सिंह आर्य,यशपाल आर्य,अनुराग आर्य,देवीदयाल आर्य,जनकवीर आर्य,अनिल त्यागी, भजनोपदेशक,ओर सुरेन्द्र आर्य,स्वामी कृष्णानन्द स्वामी सुतिक्ष जी स्वामी शान्तनु जी,स्वामी ओमानन्द,नरेशना आर्या,रचना,उषा धीमान,डा कान्ता त्यागी,मन्जू शर्मा,सुनीता आर्या,पुनम संगीता,सोनिया,रहती देवी,इस अवसर पर हजारों आर्य बन्धू उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक राजबीर आर्य,अध्यक्षता श्री अशोक बहादुर आर्य शामली एवं मंच संचालन चौ विपिन आर्य ने किया।

## बालू भरे डंपर की टक्कर से बाइक सवार भाई की मौत, बहन घायल

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
हरदोई।टड़ियावां थाना क्षेत्र में हरिहरपुर मार्ग पर बुधवार शाम बाइक सवार भाई बहन को बालू भरे डंपर ने टक्कर मार दी। दोनों को एम्बुलेंस वढ 32 ॉ 0606 के ईएमटी शिवम गुप्ता व पायलेट वीरबहादुर ने सीएचसी टड़ियावा मे भर्ती कराया।यहां भाई को मृत घोषित कर दिया गया। बहन को मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर किया गया है। भाई अपनी बहन को इंटरमीडिएट की परीक्षा दिलाकर वापस घर जा रहा था। डंपर छोड़कर चालक मौके से भाग निकला। शहर के नई बस्ती पंजाबी कॉलोनी निवासी शिव कुमार नगर पालिका हरदोई में संविदा सफाईकर्मी हैं। शिव कुमार ने बताया कि उनके पुत्र रचित (22) शहर की एक पैथॉलोजी में काम करते थे। छोटी पुत्री वैष्णवी टड़ियावां ब्लॉक के मामपुर भैंसरी के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। बुधवार की दोपहर रचित वैष्णवी को परीक्षा दिलाने बाइक से गए थे। वैष्णवी की रसायन विज्ञान की परीक्षा थी। पांच बजे परीक्षा छूटने के बाद रचित और वैष्णवी बाइक से घर आ रहे थे।टड़ियावां-हरिहरपुर मार्ग पर शारदा नहर के पास ढलान पर उनकी बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए भाई बहन को एम्बुलेंस वढ 32ॉ0606 से सीएचसी ले जाया गया। यहां रचित को मृत घोषित कर दिया गया। वैष्णवी को मेडिकल कॉलेज और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया। रचित चार भाई बहनों में सबसे बड़ा और अविवाहित था। थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में लिया गया है। परिजनों के शिकायती पत्र के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## हरदोई : इंटरमीडिएट परीक्षा में 745 परीक्षार्थी अनुपस्थित





दैनिक लोकतंत्र की आवाज

**शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ**
**हरदोई।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा जनपद में कड़ी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान कुल 745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। गुरुवार को प्रथम पाली में इंटर कृषि भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 428 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 386 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित दर्ज किए गए। पाली में कृषि जंतु विज्ञान विषय में 382 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 375 ने परीक्षा दी और 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में भूगोल विषय की परीक्षा संपन्न हुई।इस विषय में 9610 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8914 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 696 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 745 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए सचल दलों द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। साथ ही मॉनिटरिंग सेल और कंट्रोल रूम के माध्यम से भी गतिविधियों पर नजर रखी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में हुई।

# लिपिक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी, जालौन में घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था

लोक तंत्र की आवाज



**उरई ।** जालौन में गुरुवार सुबह एक जूनियर हाईस्कूल के लिपिक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला एट कोतवाली क्षेत्र का है। मृतक की पहचान कोटरा थाना क्षेत्र के नुनवई गांव निवासी हरनाम सिंह उर्फ मत्तू (45) के रूप में हुई है। वह गोविंद सिंह के पुत्र थे। परिवार के साथ एट में रहते थे। हरनाम सिंह झांसी के पठा गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल में लिपिक के पद पर कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 7 बजे वह स्कूल जाने की बात कहकर घर से बाइक पर निकले थे।

**किसानों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी:** हरनाम सिंह स्कूल नहीं गए। वह पिंडारी क्रॉसिंग से लगभग एक किलोमीटर आगे रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की। इसके बाद उन्होंने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह खेतों की ओर जा रहे किसानों ने रेलवे ट्रैक पर शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

**जेब में मिले आधार कार्ड से हुई पहचान:** एट कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। मृतक की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से हुई। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। परिवार में उनकी पत्नी मंजू, दो बेटियां और एक बेटा है। उनकी उनकी पत्नी मंजू, दो बेटियां और एक बेटा है। उनकी एक बेटी की शादी हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि किन परिस्थितियों में उन्होंने यह कदम उठाया। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पिहानी में जंगली जानवर की दहशत से नींद हराम

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के जहानीखेड़ा क्षेत्र के जलालपुर गांव में जंगली जानवर की चहलकदमी से ग्रामीणों में हड़कंप है। गांव किनारे बनी गोशाला के आसपास पंजों के निशान देखे जा रहें हैं। बताया जाता है कि जंगली जानवर ने गोशाला के अंदर एक मवेशी का शिकार किया है। जानकारी होने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और काम्बिग शुरू की। यह जंगली जानवर तेंदुआ होने की चर्चा से गांव वालों की नींद हराम हो गई है। बताते हैं कि गोशाला में मवेशी पड़ा देखा गया। इसे किसी जानवर के द्वारा अपना निवाला बनाया गया था। लोग कयास लगा रहे थे कि शायद तेंदुए ने ही उसे अपना शिकार बनाया और पेट भरने के बाद बाकी हिस्से को छोड़कर चला गया।मवेशी के शिकार की सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ भी जमा हो गयी। वन विभाग की टीम भी पहुंच गई और उसकी तलाश शुरू कर दी। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की प्रक्रिया शुरू की लेकिन उसकी लोकेशन ट्रेस नही हो सकी है। गोशाला के पड़ोस में ही छोहा नाला है। इससे पानी बहकर आगे गोमती नदी में जाता है। बताते हैं कि जंगल, पानी आदि होने के कारण यह इलाका तेंदुआ,बाघ के लिए मुफीद हो सकता है। शायद इसीलिए तीन दिनों से उसकी चहलकदमी देखी जा रही है। वन विभाग ने जलालपुर, अम्बारी आदि गांव के ग्रामीणों से शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक खेतो की ओर न जाने की अपील करते हुए कहा कि जो भी कार्य करें उसे दिन में ही और झुंड में जाकर निपटाएं। डीएफओ जेबी सैंडे के मुताबिक, अभी तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं हुई है। जंगली जानवर आया है पर कौन सा है यह पता लगाया जा रहा है। लोग भयभीत न हों। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है । पहले भी रही है चहलकदमी पिहानी। अम्बारी क्षेत्र में पहले ही तेंदुए की चहलकदमी देखी जा चुकी है। लेकिन तब छोहा नाले के किनारे होते हुए खीरी जिले में प्रवेश कर गया था। हालांकि इस बार तीन दिनों से उसकी चहलकदमी जलालपुर गांव के आसपास बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप है।

# भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने विद्युत अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, जुम्मे के मद्देनजर 24 घंटे लाइट की रखी मांग

लोकतंत्र की आवाज़

**साजिद सलमानी**
**लोकतंत्र की आवाज़**
**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने जनक नगर स्थित बिजली घर पहुंचकर मण्डल महासचिव आरिफ मलिक के नेतृत्व में विद्युत उप-खंड अधिकारी एसडीओ को ना मिलने के कारण जेई दीपक कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। विद्युत उप-खंड अधिकारी ने कोल पर आश्वासन दिया कि जुम्मे के दिन पूरी लाइट दी जाएगी। जई दीपक कुमार ने आश्वासन देते हुवे कहा कि किसी भी प्रकार की जुम्मे लाइट की समस्या नहीं रहेगी एक उपकरण के जरूरी लगने हेतु कल सिर्फ 2 से 4 बजे तक का कट रखा जाएगा। युवा महानगर अध्यक्ष उसमान मलिक ने बताया कि सड़क दुधली वार्ड में हर माह के शुक्रवार ( जुम्मे ) को पूरे दिन का विद्युत सप्लाई का कट रहता है। जिससे आम जन के घरों में पूरे दिन विद्युत आपूर्ति नहीं रहती है। 26 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक इस्लामिक माह रमज़ान है जिसमें जुम्मे में मुस्लिम समाज शांति से घरों में मस्जिदों में इबादत करते है जो मुस्लिम समाज के लिए रमजान में खास दिन रहते है जिसे त्यौहार के रूप में मुस्लिम समाज मनाता है। शुक्रवार जुम्मे को लगने वाले कट से छेत्र में मस्जिदों को वाटर टैंक नहीं भर पाते है मस्जिदों घरों में पानी टैंक भरने की समस्या रहती है।



इसी समस्याओं को लेकर आज हम आरिफ मलिक के नेतृत्व में एसडीओ को ज्ञापन दिया गया है। भाकियू टिकैत के मण्डल महासचिव आरिफ मलिक ने बताया कि जुम्मे के दिन लगने वाले कट की वजह से मस्जिदों में माइक नहीं चल पाते है टैंक नहीं भर पाते है आम आदमियों के सभी घरों में इन्वर्टर नहीं है, लाइट की वजह से इंडक्शन चुल्ला व काफी बिजली से संबंधित काम नहीं हो पाते है। जिस कराण शाम ढलने से पहले (इफ्तार) खाना बनाने की तैयारी में समस्या होती है जिससे रमजान में जुम्मे में अंधेरे से पढ़ाई /इबादत में खलल पैदा होती है इन्हीं समस्याओं को लेकर आज एसडीओ महोदय से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया है। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में युवा महानगर उपाध्यक्ष वंश गौतम, युवा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव मोगरा, युवा महानगर कार्यकारिणी अध्यक्ष वसीम मलिक, युवा महानगर सोशल मीडिया प्रमुख परवेज अली, युवा महानगर उपाध्यक्ष शौकीन मलिक, नवाब अली, बुरहान महानगर उपाध्यक्ष, वार्ड 05 अध्यक्ष आमिर, युवा महानगर सचिव वहीदुरर्मान आदि मौजूद रहे।

## हरदोई : जाम में फंसी रोडवेज, दुकानदार ने ड्राइवर-कंडक्टर को पीटा

दैनिक लोकतंत्र की आवाज

**शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ हरदोई।**
हरदोई। बावन चुंगी पर दुकान के सामने रोडवेज बस जाम में फंस गई। इस दौरान हुए विवाद से आक्रोशित दोना पत्तल दुकानदार ने साथियों संग बस ड्राइवर और कंडक्टर को पीट दिया। मारपीट की जानकारी पर विभागीय अधिकारियों के हस्तक्षेप से हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज हुई। वारदात के बाद आरोपित भाग गए। रोडवेज बस के बस चालक प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना बावन चुंगी के पास हुई। हरदोई डिपो की बस सवायजपुर तहसील क्षेत्र तक जाती है। वहां से सवारियां लेकर आ रही थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह उनकी बस बावन चुंगी के पास दोना पत्तल की दुकान के पास जाम में फंस गई।वह बस को जाम से निकलने के लिए चालक के जरिये बस बैक करवा रहा था। आरोप है कि उसी दौरान दोना पत्तल की दुकान चलाने वाला एक दुकानदार अपने तीन अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। गलत साइड से बस को बैक करने का आरोप लगाते हुए उसे बस से नीचे खींच लिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। बस परिचालक पूनम देवी ने बताया कि जब उसने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने उसका पे-बिल फाड़ दिया। उसकी पर्स से 22 सौ रुपये निकाल लिए। शहर कोतवाल ने बताया मामले में तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखी जा रही है। उधर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री जितेंद्र बहादुर और कर्मचारी नेता रजत तिवारी का कहना है कि घटना निंदनीय है। मारपीट करने वालों मे एक सर्राफा दुकानदार भी शामिल है।पूरी घटना का वीडियो उनके पास है। इसमें आरोपित मारपीट करते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमलावरों को शीघ्र पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाए। अन्यथा कर्मचारी उच्चाधिकारियों से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र




## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रखंड प्रशासन की तत्परता से बालिका वधू बनने से गई बच



लोकतंत्र की आवाज

विभूतिपुर/समस्तीपुर। बाल विवाह मुक्ति रथ के संदेश से जागा प्रशासन और रोक दिया एक नाबालिग का बाल विवाह। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सुनील कुमार एवं जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र समस्तीपुर के परियोजना समन्वयक रवि कुमार एवं दीप्ति कुमारी, चाइल्ड हेल्प लाइन से प्रवेक्षक मुन्ना कुमार और प्रयास संस्था से कमलेश कुमार के द्वारा प्रखंड के एक गांव में नाबालिग किशोरी को बाल विवाह से मुक्त कराया गया और बालिका वधु बनने से बचा ली गई। जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के साझा प्रयास जिला प्रशासन के सहयोग से एक बालिका वधू बनने से बचाईं गई। उपरोक्त बाल विवाह की सूचना मिलने पर सभी बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले संस्थान के कार्यकर्ताओं के द्वारा गृह भ्रमण कर माता पिता को समझाने का प्रयास किया गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक बैठक कर बाल विवाह निषेध अधिनियम की कानूनी जानकारी दी। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नाबालिग किशोरी का बाल विवाह रोकनें में सफल हुई।

### भूकंपीय आपदा प्रबंधन का किया गया मॉक ड्रिल आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

दलसिंहसराय/समस्तीपुर। शहर में आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के तत्वावधान में आज बिहार के 21 जिलों में एक साथ वृहद भूकंपीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 08 चिन्हित स्थलों पर यह अभ्यास संपन्न हुआ। इस क्रम में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरीय अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से "टेबल टॉप Exercise" के तहत समाहरणालय में जिले के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। गुरुवार को मॉक ड्रिल के क्रियान्वयन हेतु सुबह 09 बजे दलसिंहसराय के डैनी चौक–काली चौक के बीच बने नए रेलवे ओवरब्रिज (ROB) को मुख्य केंद्र बनाया गया। जहां भूकंप के कारण पुल के क्षतिग्रस्त होने और बिजली की लाइनों के टूटने की स्थिति में उनकी त्वरित मरम्मती और आपदा वाहनों की आवागमन पुन:स्थापित करने का पूर्वाभ्यास किया गया। आपदा की सूचना मिलते ही RCD, विद्युत विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और RWD की संयुक्त टीम ने त्वरित मरम्मती एवं राहत कार्य शुरू किया। SDRF के पर्यवेक्षक ने पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय सरकारी विभागों के बीच समन्वय को परखना और आम जनता में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस सफल आयोजन ने भविष्य की किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों को पुख्ता किया। दलसिंहसराय के DCLR प्रशांत रमानिया ने नोडल अधिकारी के रूप में अंतर विभागीय समन्वय स्थापित करवाते हुए इस मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक संचालन किया।

### साईं केंपस सभागार में रिसोर्स सेंटर के समन्वयकों की बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार के नेतृत्व में प्रखंड संसाधन केन्द्र समस्तीपुर के कैंप कार्यालय साईं कैंपस सभागार बंगाली टोला समस्तीपुर में सभी कंपलेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयकों की बैठक आयोजित किया गया। जिसका संचालन प्रधानाध्यापक सह समन्वयक मुकेश कुमार ने किया। जिस अवसर पर उन्होंने कोचिंग की सूची, जनगणना का रिपोर्ट, अपार आईडी निर्माण प्रगति प्रतिवेदन, स्टूडेंट डाटा करेक्शन, टैब का प्रगति प्रतिवेदन, मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना अनुपालन, ई शिक्षा कोष पर विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों की प्रविष्टि, बाल मेला का आयोजन, सीआरसी ग्रांट का प्रतिवेदन, बिहार दिवस 2026 के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर समन्वयक अनुपम कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार, कौशल कुमार, अरुण कुमार, राम पुनीत चौधरी, शैलेंद्र झा, इंदु कुमारी, नूतन कुमारी आदि ने अपने अपने विचारों को रखा।

# होली पर त्रिवेणीगंज में हुड़दंग मचाया तो इस बार पुलिस भी है तैयार, पुलिस की लाठी देखी है न !

■ होली को लेकर शांति समिति की बैठक में जबरदस्ती रंग नहीं डालने की अपील

लोकतंत्र की आवाज



सुपौल। जिले की त्रिवेणीगंज में आगामी होली, रमजान माह एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार में अनुमंडलीय स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि होली, रमजान और ईद जैसे पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं। इन पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सजग एवं तत्पर है।

एसडीएम अभिषेक ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सभी प्रखंडों के वरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था की सतत निगरानी करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा अफवाह फैलाने वाली झूठी एवं भ्रामक सूचनाओं पर प्रशासन की पैनी निगरानी रहेगी। तेज गति से बाइक चलाने वाले बाइकर्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं शांति समिति सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की कोई भी भ्रामक सूचना अथवा गतिविधि की सूचना प्राप्त होती है तो उसे तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ के अलावे स्थानीय थाना को उपलब्ध कराएं. एसडीएम अपने संबोधन में कहा कि बीते होली त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं.

एसडीएम ने लोगों से अपील की कि जिसे रंग खेलना पसंद न हो, उसे जबरन रंग न लगाया जाए। हुड़दंग, छेड़छाड़ या धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली किसी भी गतिविधि से बचें।डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी देते हुए इसके दुष्प्रभावों को लेकर सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने हेतु शांति समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील की।

एसडीएम ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया। बैठक में डीएसपी विभाष कुमार ने कहा कि होली एवं अन्य आगामी पर्वों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। सभी प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि (बीएनएस) 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है, डीजे पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव रखे। सभी सदस्यों ने त्रिवेणीगंज अनुमंडल क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली, रमजान एवं ईद पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे। सदस्यों ने पर्वों के अवसर पर अनुमंडल प्रशासन की सजगता एवं तत्परता की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। उक्त बैठक में डीसीएलआर संस्कार रंजन, बीडीओ अभिनव कुमार, बीडीओ छातापुर, थाना अध्यक्ष त्रिवेणीगंज, थाना अध्यक्ष जदिया सहित अनुमंडल क्षेत्र के कई पदाधिकारी एवं शांति समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## धनंजय व रानी बने महाविद्यालय चैंपियन वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता हुआ संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर/नवगछिया। पटना महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. रीना चौधरी ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता का संचालन सहायक प्राध्यापिका श्रीमती मिताली मित्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।टग ऑफ वार के तकनीकी पदाधिकारी के रूप में आदित्य राज, शिवम कुमार, रवि कुमार और अमरजीत कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में रजनी रंजन, डॉ. शादमा शाहीन, कमलेश कुमार, सुधीर पाठक, विकास कुमार, कंचन कुमारी, कुमारी प्रेरणा, मंजरी चौधरी और सौरभ कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे— पुरुष वर्ग की 200 मीटर दौड़ में वेद प्रकाश तिवारी प्रथम, विकास कुमार द्वितीय और शिवराम महतो तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रानी कुमारी प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय तथा रिंकी कुमारी तृतीय रहीं।टग ऑफ वार पुरुष वर्ग में टीम-सी (धनंजय के नेतृत्व में) प्रथम, टीम-ए द्वितीय और टीम-बी तृतीय स्थान पर रही। महिला वर्ग में टीम-ए प्रथम, टीम-सी द्वितीय तथा टीम-बी तृतीय स्थान पर रही।

शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों की गोली-चम्मच दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रवीण कुमार प्रथम, राकेश सिन्हा द्वितीय और कमलेश कुमार तृतीय रहे। महिला वर्ग में बबीता देवी प्रथम, विनीता कुमारी द्वितीय तथा डॉ. रीना चौधरी तृतीय रहीं।डीएलएड द्वितीय वर्ष के धनंजय कुमार 13 अंकों के साथ पुरुष वर्ग के महाविद्यालय चैंपियन बने, जबकि रानी कुमारी 7 अंकों के साथ महिला वर्ग की चैंपियन घोषित हुईं। पारितोषिक वितरण समारोह होली के बाद आयोजित किया जाएगा।

## होली को ले शांति समिति की बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने किया । बी डी ओ अभिमन्यु कुमार भी उपस्थित थे ।बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि होली में हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। नशा करने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शांति भंग करने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी ।डीजे पर प्रतिबंध रहेगा ।सभी लोग मिलजुल करके होली का त्यौहार शांतिपूर्ण , आपसी प्रेम , सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। शांति बनाए रखें। कानून का पालन करें। इस अवसर पर झुंपा सिंह, घनश्याम दास, सदानंद यादव, परवेज आलम, पवन यादव, सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भूकंप आपदा मॉक अभ्यास कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



सुपौल। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा भूकम्प आपदा राज्यस्तरीय मॉक अभ्यास(फीजीकल) कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं आपदा प्रबंधन विभाग बिहार सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिले में पांच चिह्नित स्थानों पर भूकम्प आपदा मॉक अभ्यास एक साथ कराया गया। जिनमें समाहरणालय परिसर, ऑफिसर्स कॉलोनी सदर अस्पताल, सुपौल इंजीनियरिंग कॉलेज, सुपौल समाहरणालय परिसर स्थित जिला परिवहन कार्यालय, सुपौल सभी चयनित स्थलों पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिन्होंने निर्धारित परिदृश्य के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की।प्रत्येक स्थल पर रेस्क्यू एवं खोज-बचाव कार्य के लिए टीमों की तैनाती की गई। बचाव कार्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल सशस्त्र सीमा बल (एस एस बी), आपदा मित्र इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की सक्रिय एवं सराहनीय भागीदारी रही। स्टेजिंग एरिया के रूप में आईटीआई परिसर का चयन किया गया था, जहां से संसाधनों एवं टीमों की तैनाती का समन्वय किया गया। वहीं राहत केंद्र ( रिलीफ सेंटर) के लिए गांधी मैदान को चिन्हित किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को अस्थायी आश्रय, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इंजीनियरिंग विभाग एवं विद्युत विभाग का विशेष योगदान रहा। संभावित संरचनात्मक क्षति के आकलन, विद्युत आपूर्ति नियंत्रण तथा तकनीकी सहयोग में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

मॉक एक्सरसाइज के सफल संचालन में मुख्य कमांड ऑफिसर मो० तारिक, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, सुपौल के नेतृत्व में कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया।इस अवसर पर श्री मुकेश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन सह वरीय उप समाहर्ता, सुपौल तथा श्री चन्द्रभूषण कुमार, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, सुपौल की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, सुपौल के प्रोग्रामर श्री शैलेन्द्र कुमार एवं उनकी तकनीकी टीम द्वारा सभी सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान सुनिश्चित किया गया, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सभी पदाधिकारियों, बचाव दलों एवं तकनीकी टीम के समन्वित प्रयासों से भूकंप मॉक एक्सरसाइज कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समग्र रूप से यह मॉक एक्सरसाइज जिला प्रशासन की आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों, समन्वय क्षमता एवं त्वरित कार्रवाई की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है।

## साहेबगंज%: नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 की मतगणना कल से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में

लोकतंत्र की आवाज

### सभी तैयारियां पूर्ण : निर्वाची पदाधिकारी गौतम भगत



मामलोत सेख

साहेबगंज। नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर निर्वाची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम भगत द्वारा समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मतगणना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि नगरपालिका आम निर्वाचन–2026 के तहत दिनांक 27 फरवरी, 2026 को प्रातः 08:00 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहेबगंज में मतगणना कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां एवं प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतगणना कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

उन्होंने जानकारी दी कि साहेबगंज नगर परिषद् के लिए कुल 20 टेबल, राजमहल नगर पंचायत के लिए 10 टेबल तथा बरहरवा नगर पंचायत के लिए 10 टेबल की व्यवस्था की गई है। मतगणना कार्य के लिए कुल 120 मतगणना सहायक, 52 मतगणना पर्यवेक्षक तथा 112 अन्य सहायक कर्मी, जिनमें सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आईटी सेल के कर्मी शामिल हैं, प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि साहेबगंज नगर परिषद् के लिए मतगणना 04 राउंड में, जबकि राजमहल एवं बरहरवा नगर पंचायत के लिए 02–02 राउंड में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगभग 55 दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीरपैंती में कार्रवाई: मंदिर के पास फायरिंग की सूचना पर छापेमारी, पांच गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती के एकचारी थाना क्षेत्र के बड़ी मोहनपुर गांव स्थित बजरंग बली मंदिर के पास पुलिस ने छापेमारी कर दो देशी कट्टा व एक खाली खोखा बरामद किया है।मौके से पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कहलगांव-2 पंकज कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि 26 फरवरी की रात गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक मंदिर के पास जुटे हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से फायरिंग कर दहशत फैला रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई।

छापेमारी के दौरान उमेश मंडल (40), राजेश कुमार (22), ज्योतिष मंडल (35), हरिकिशन मंडल (29) एवं रोहित कुमार (27) को गिरफ्तार किया गया। सभी बड़ी मोहनपुर गांव के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के क्रम में दो देशी कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किया गया।

इस संबंध में एकचारी थाना कांड संख्या 11/26 दिनांक 26.02.2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एएसपी पंकज कुमार ने बताया कि मुख्य अभियुक्त उमेश मंडल का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है, जबकि अन्य आरोपितों के विरुद्ध आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खगड़िया-पूर्णिया एनएच-31 परियोजना जल्द शुरु होगी : विधायक इ. शैलेंद्र

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर/नवगछिया। बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक इ. शैलेंद्र ने क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करना बताया। विधायक ने कहा कि फोरलेन सड़क बनने के बाद दुर्घटनाओं में काफी कमी आएगी और यातायात सुगम होगा।

विधायक ने बताया कि विक्रमशिला सेतु दक्षिण बिहार सहित झारखंड को जोड़ता है। वहीं बिहपुर से वीरपुर (नेपाल सीमा) तक बन रहा एनएच 106 पुल व पथ निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अंग क्षेत्र सीधे मिथिला से जुड़ जाएगा। फिलहाल एनएच 31 पर वाहनों का भारी दबाव है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी रहती है।उन्होंने बताया कि सूबे के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से बातचीत के बाद खगड़िया से पूर्णिया तक एनएच-31 को फोरलेन बनाने की डीपीआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। लगभग 140 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के लिए 890 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, जिसमें 770 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है तथा शेष 120 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 1300 करोड़ रुपये बताई गई है।

यह महत्वपूर्ण सड़क खगड़िया से महेशखूंट, नारायणपुर, बिहपुर, नवगछिया और कुर्सेला होते हुए पूर्णिया तक जाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम ने बताया कि विधायक इ. शैलेंद्र ने उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री सह भागलपुर जिला प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल से भी बातचीत की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खगड़िया–पूर्णिया फोरलेन निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा।

## समस्तीपुर : प्रव्या इंटरनेशनल स्कूल का 'खेल सप्ताह' संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर।प्रव्या इंटरनेशनल स्कूल गढ़िया में प्रव्या एवं प्रतिभा ग्रुप के बैनर तले आयोजित'खेल सप्ताह' समारोह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई । सप्ताह भर चले इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह के प्रारंभिक तीन दिनों में विद्यार्थियों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया।

इस दौरान शिक्षक संतोष कुमार और सपना कुमारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने अलग-अलग खेलों के लिए नियमित अभ्यास किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, अभ्यास सत्र का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का विकास करना था। जिस खेल सप्ताह का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं सीमा जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संयोजक रामकुमार, पूसा अनुमंडलीय अस्पताल के पदाधिकारी डॉ.राकेश तथा समूह की संरक्षिका प्रतिभा मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को पृथ्वी, अग्नि, जल, आकाश और वायु—इन पांच हाउस में विभाजित कर विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। उद्घाटन अवसर पर पंचतत्व की अवधारणा और उससे जुड़ी जीवन-दृष्टि पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

वहीं कार्यक्रम में केराकृवि से सेवानिवृत्त प्रो.नवल किशोर चौधरी और समाजसेवी उदय कुमार गुड्डू ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। प्रो.चौधरी ने खेल को सर्वांगीण शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। साथ ही उदय कुमार गुड्डू ने अनुशासन और टीम वर्क को खेल की सबसे बड़ी देन बताया।

25 फरवरी को आयोजित समापन समारोह में प्रखंड प्रमुख रविता तिवारी, समस्तीपुर के सिटी सेंट्रल स्कूल के संस्थापक संजीव पाण्डेय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतीश नायक ने शिरकत की। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि धैर्य, सहनशक्ति, समय प्रबंधन और आपसी समन्वय जैसे जीवन-मूल्यों को भी विकसित करते हैं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को विनम्र बने रहने और पराजित प्रतिभागियों को निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक रूपेश राज ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन की सफलता में प्राचार्य धीरेंद्र कुमार पंडित सहित शिक्षकगण सत्येंद्र कुमार पंडित, सरोज कुमार झा, रौशन प्रजापति, अंजलि कुमारी, प्रीति कुमारी, रितु कुमारी, श्वेताक्षी लीजा, ज्योति कुमारी, महक और तन्नु कुमारी की सक्रिय भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### फाइलेरिया की दवा के बाद 27 स्कूली बच्चे अचेत, सभी की हालत स्थिर



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बैरिया (प. चम्पारण)।** बैरिया प्रखंड अंतर्गत बगही रतनपुर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बकुलिया टोला में बुधवार को फाइलेरिया की दवा सेवन के बाद 27 बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। दवा खाने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर की शिकायत होने लगी। कई बच्चे कक्षा में ही अचेत हो गए, जिससे विद्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही अभिभावक और ग्रामीण स्कूल पहुंच गए तथा प्रधानाध्यापक किरण कुमारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कुछ छात्रों ने बताया कि उन्हें खाली पेट दवा दी गई थी, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रभावित बच्चों में प्रिया कुमारी, साबू खातून, सबरीन खातून, रागिनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, निरंजन कुमार समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने बताया कि बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही तत्काल चिकित्सा टीम को बुलाया गया। सभी बच्चों को एंबुलेंस के माध्यम से बैरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत स्थिर बताई गई है। प्रभारी चिकित्सक डॉ. मिथिलेश चंद्र सिंह ने कहा कि सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं और चिकित्सकीय निगरानी में हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी दवाओं के सेवन के बाद कुछ बच्चों में हल्के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बगहा : विधानसभा में गूंजा बगहा में मरीन ड्राइव निर्माण का मुद्दा



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा (नगर संवाददाता)।** बगहा नगर परिषद क्षेत्र में प्रस्तावित मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर गुरुवार को बिहार विधानसभा में मामला गूंजा। बगहा से भाजपा विधायक राम सिंह ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में मरीन ड्राइव निर्माण योजना पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। सदन में विधायक ने कहा कि बगहा नगर के 22 वार्ड नदी किनारे बसे हुए हैं। यदि मरीन ड्राइव का निर्माण होता है तो इससे न केवल शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी, बल्कि नगर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरकार से योजना की स्वीकृति, निर्माण कार्य की प्रगति तथा विभागीय प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस पर संबंधित मंत्री ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि मरीन ड्राइव निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। उन्होंने स्वीकृति एवं आगे की कार्ययोजना की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक राम सिंह ने कहा कि बगहा नगर परिषद के समुचित विकास और सौंदर्यीकरण के लिए वे सदन में निरंतर आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि मरीन ड्राइव परियोजना से शहर को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय लोगों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# भूकम्प आपदा से निपटने को ऐतिहासिक फुल-स्केल मॉक ड्रिल सम्पन्न, प्रशासनिक समन्वय और त्वरित कार्रवाई ने दिखाई जमीनी तैयारियों की मजबूती

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में पश्चिम चम्पारण जिले में भूकम्प आपदा से निपटने की तैयारियों का व्यावहारिक परीक्षण करने हेतु गुरुवार को ऐतिहासिक फुल-स्केल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय शेखौना मोतिहारी रोड, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बेतिया, समाहरणालय भवन बेतिया, ऑफिसर कॉलोनी बेतिया, जूडियो शॉपिंग कॉम्पलेक्स बेतिया, विनायक पेट्रोल पम्प बगहा-01 तथा फ्लाईओवर बगहा अनुमंडल कार्यालय (बगहा-02) के समीप को सिमुलेशन साइट बनाया गया। वहीं बेतिया शहर स्थित हवाई अड्डा परिसर को स्टेजिंग एरिया एवं अस्थायी राहत केंद्र के रूप में विकसित किया गया।

निर्धारित समय पर सभी स्थलों पर भूकम्प का सजीव परिदृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद जिले के विभिन्न स्टेकहोल्डरों ने आपसी समन्वय, त्वरित निर्णय क्षमता और संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया। मॉक ड्रिल के दौरान घायलों को तत्काल राहत शिविर में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को त्वरित रूप से जीएमसीएच पहुंचाकर गहन चिकित्सा की व्यवस्था की गई, जिससे आपात स्थिति में चिकित्सा तंत्र की तत्परता एवं रेफरल प्रणाली की प्रभावशीलता का सफल परीक्षण हुआ। पूरे अभ्यास के दौरान प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एसडीआरएफ, नगर निकाय, विद्युत, दूरसंचार, लोक स्वास्थ्य, पशुपालन, पथ निर्माण, भवन प्रमंडल तथा शिक्षा विभाग के स्काउट-गाइड एवं एनसीसी कैडेटों ने समर्पित भाव से कार्य किया। यह स्पष्ट हुआ कि समन्वित प्रयासों से आपदा की स्थिति में जान-माल की क्षति को न्यूनतम स्तर तक सीमित किया जा सकता है। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार सिन्हा ने सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अभ्यास वास्तविक आपदा के समय घबराहट को कम करने, जिम्मेदारियों की स्पष्टता बढ़ाने और राहत कार्यों की गति तेज करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे अभ्यासों की नियमितता सुनिश्चित करने की बात कही। प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा श्रीमती नगमा तबस्सुम ने कहा कि मॉक ड्रिल केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि फील्ड स्तर पर विभागों के बीच समन्वय, संचार प्रणाली की मजबूती और संसाधनों की त्वरित उपलब्धता की जांच का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अभ्यास में विभिन्न विभागों के कुल सैकड़ों पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भागीदारी निभाई। समीक्षा बैठक में सकारात्मक पहलुओं की सराहना करते हुए जहां आवश्यक था, वहां सुधारात्मक निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विकास कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रफ़्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत





लोकतंत्र की आवाज

- शादी समारोह से लौट रहे थे दोनों युवक, नैनहा ढाला के पास हुआ हादसा

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** नदी घाटी थाना क्षेत्र के नैनहा ढाला के समीप तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया है। सूचना मिलते ही नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार यादव ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान दौनाहा निवासी शंभू यादव के 32 वर्षीय पुत्र ब्यास यादव तथा भिखु यादव के 24 वर्षीय पुत्र श्याम यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों बकुलहर स्थित अपनी बहन के यहां आयोजित शादी समारोह (इमली घोटाई रस्म) में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नैनहा ढाला के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि दोनों युवक विवाहित थे। ब्यास यादव तीन पुत्रों के पिता थे और दो भाइयों में बड़े थे, जबकि श्याम यादव की शादी इसी वर्ष अप्रैल माह में हुई थी और उनकी पत्नी गर्भवती है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है। इस हृदयविदारक घटना से गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## इबादत का पाक महीना है रमज़ान:- मो0 इब्राहिम, भावी सरपंच प्रत्याशी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** केसरिया प्रखंड अंतर्गत पंचायत राज़ ताजपुर पटखौलिया के सरपंच प्रत्याशी व सामाजिक कार्यकर्ता मो० इब्राहिम ने बताया कि इबादत का पाक महीना है रमज़ान। वहीं उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म को मानने वाले हर नमाजी मुसलमान रमज़ान का बेसब्री से इंतजार करता है। रमज़ान शुरू होते ही हर रोजेदार की दिनचर्या में बदलाव आ जाता हैं। सुबह सबेरे उठना और अल्लाह को याद करने के साथ ही पांचों वक्त की नमाज़ अदा कर, रोजेदार को अल्लाह की इबादत का मौका दिलाती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि रमजान की शुरुआत ही चांद के दीदार से होती हैं। और रमज़ान पूरे होने पर ईद का जब चांद निकलता है तो सबके चेहरे पर खुशी छा जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में भाईचारे का संदेश देते हुए सेवाइयां खिलाईं जाती हैं। ताकि आपसी प्रेम भाईचारा कायम रहें। वहीं उन्होंने कहा कि रमजान मुबारक देने के साथ ही अल्लाह को शुक्रिया अदा करने के लिए ही ईद उल फितर का पर्व मनाया जाता है। वहीं रमज़ान अल्लाह के नेक बंदे की खिदमत का भी मुबारक मौका होता है। नमाज़ के बाद अल्लाह ने जो दूसरी इबादत मुसलामानों के लिए अनिवार्य की हैं वह हैं रोजा। वहीं उन्होंने बताया कि सुबह में पल फ्रुट्स एवं रोज़ शाम को इफ्तार पार्टी कर समाप्ति की जातीं हैं।

## बगहा में आपदा प्रबंधन को लेकर दो स्थानों पर मॉक ड्रिल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा (नगर संवाददाता)।** बगहा नगर में गुरुवार को आपदा प्रबंधन को लेकर दो स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास जिला प्रशासन के निर्देश पर विनायक पेट्रोल पंप और बगहा-2 चौक स्थित आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के नीचे आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर आपदा से निपटने की तैयारियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। बगहा-2 के अंचल अधिकारी मो. वसीम अकरम और डॉ. रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभागीय समन्वय और त्वरित कार्रवाई की क्षमता को परखना था। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया, ताकि वास्तविक आपदा के समय वे तुरंत सक्रिय होकर प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

**जिम्मेदारियों का किया गया बंटवारा:** सीओ ने जानकारी दी कि मॉक ड्रिल से पूर्व एक तैयारी बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी संबंधित विभागों के बीच कार्यों का स्पष्ट बंटवारा किया गया। भवन ध्वस्त होने की स्थिति में मलबा हटाने की जिम्मेदारी भवन निर्माण विभाग को सौंपी गई। रास्ता साफ कराने का कार्य नगर परिषद को दिया गया। आग लगने की स्थिति में कार्रवाई की जिम्मेदारी अग्निशमन विभाग को दी गई। घायलों को प्राथमिक उपचार एवं अस्पताल पहुंचाने का दायित्व स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया।

**आमजनों को दिया गया जागरूकता संदेश:** अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभ्यासों से आपदा के समय जानमाल के नुकसान और संभावित जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही आम लोगों को भी सतर्क और जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

सरकार का लक्ष्य है कि आगजनी, भूकंप, बाढ़, कटाव और तूफान जैसी आपदाओं के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों तक शीघ्र पहुंचाया जा सके। इस मॉक ड्रिल में स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दो घंटे में लापता दो बच्चे लौरिया से बरामद, शिकारपुर थाना क्षेत्र से गायब हुए नाबालिगों को विशेष टीम ने सकुशल खोज निकाला

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया।** शिकारपुर थाना क्षेत्र से लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई को लेकर पुलिस की सराहना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 फरवरी 2026 को सुबह 09:00 बजे शिकारपुर थाना को सूचना मिली कि ग्राम आजूआ स्थित इकबाल खान के चिमनी भट्ठा पर कार्यरत भोला धांगर का पुत्र गुन्ना कुमार (10 वर्ष) एवं संजय धांगर का पुत्र शिवम कुमार (8 वर्ष) 25 फरवरी 2026 को अपराह्न 03:00 बजे से बिना बताए कहीं चले गए हैं। परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर शिकारपुर थाना कांड संख्या 242/26, दिनांक 26/02/2026 को धारा 137(2)/140(3) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

**विशेष टीम का गठन:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बेतिया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को लौरिया से मात्र दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया।

**बरामद बच्चे:** गुन्ना कुमार (10 वर्ष), पिता झ भोला धांगर
शिवम कुमार (08 वर्ष), पिता झ संजय धांगर
दोनों निवासी झ भैसा लोटन, थाना वाल्मीकिनगर, जिला बगहा।

**भ्रामक खबरों से बचने की अपील:** पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि बच्चों के गुम होने जैसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बच्चों की गुमशुदगी एवं अपहरण को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं, जो जांच में निराधार पाई गई हैं। ऐसी अपुष्ट खबरों को साझा करने से बचने की सलाह दी गई है। अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने, नियमित रूप से विद्यालय भेजने एवं सरकार द्वारा संचालित शिक्षा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की गई है। बेतिया पुलिस अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सदैव तत्पर है।

## पूर्वी चम्पारण:जिला अंतर्गत 5 जगहों पर आयोजित होगा भूकंम्प से बचाव के लिए मॉक अभ्यास

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के तत्वावधान में आपदा प्रबंधन विभाग बिहार सरकार और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पटना के सहयोग से बिहार के 21 जिलों में 26/02/2026 को भूकंप से बचाव के लिए की गई तैयारियों और विभिन्न विभागों के तैयारियों को परखने के लिए मॉक अभ्यास का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके लिए पूर्वी चम्पारण जिले का भी चयन किया गया है। विदित हो कि पूर्वी चम्पारण जिला भूकंम्प संवेदशीलता की दृष्टि से जोन 6 में हैं। इस मॉक अभ्यास के लिए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देशन में पांच सिमुलेशन साइट 1.सदर अस्पताल, 2. वीटू मॉल राजबाजार, 3.एस.वी. पेट्रोल पंप छोटा बरियारपुर, 4. इंजीनियरिंग कॉलेज मोतिहारी तथा 5. विकास भवन, जिला समाहरणालय मोतिहारी का चयन किया गया हैं और इस मॉक अभ्यास के लिए गांधी मैदान में स्टेजिंग एरिया बनाते हुए मॉडल राहत केंद्र का भी निर्माण किया गया है। इन सिमुलेशन साइट पर दिनांक 26/02/2026 को सुबह 8 बजे से भूकंप मॉक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा जहां एनडीआरफ और एसडीआरएफ टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों को दर्शाया जाएगा जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और संयुक्त आदेश द्वारा दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई हैं। इस मॉक अभ्यास के लिए एसएसबी 71वीं वाहिनी और आयुक्त तिरहुत प्रमंडल द्वारा पर्यवेक्षक की नियुक्ति भी की गई हैं। इसी दिशानिर्देश के आलोक में आज राजेंद्र भवन सभागार में ब्रीफिंग का आयोजन किया गया जहां भूकंप मॉक अभ्यास की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), उप निर्वाचन पदाधिकारी, एनडीआरफ टीम कमांडर, एसडीआरफ टीम, आपदा मित्र के सदस्य सहित सभी संबंधित उपस्थित रहें। जिला प्रशासन आम जन से आग्रह करता है कि आयोजित होने वाले भूकंप मॉक अभ्यास को सिर्फ जनजागरुकता और क्षमतावर्धन उद्देश्य से लाभान्वित हो। किसी प्रकार के भ्रम अथवा अफवाहों से दूर रहें।

# आदेश-4524, हरिशंकर चौधरी बनाम कारा अधीक्षक पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी बकाया राशि के संबंध में

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
परिवादी हरिशंकर चौधरी, पिता-स्व0 शिवमंदीर चौधरी, ग्राम-पपउर टोला, नवादा, पोस्ट- पतौरा, थाना-ओ0पी0 सराय, जिला-सिवान द्वारा दायर परिवाद का विषय मैं एवं मेरे सभी सजावार कैदी के रूप में सेन्ट्रल जेल मोतिहारी में 05.05.2018 से 30.09. 2024 तक काम किया। जिसका पारिश्रमिक राशि अब तक बकाया है। अतः अनुरोध है कि मुझे एवं साथी मुखदेव चौधरी की पारिश्रमिक राशि दिलाने की कृपा करने के संबंध में। उक्त आलोक में लोक प्राधिकार-सह-करा अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को ज्ञापांक-40211-53193 दिनांक- 09.12.2025 को परिवाद के बिन्दु पर जॉच कर स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ सुनवाई हेतु नोटिश किया गया। परिवादी उपस्थित। लोक प्राधिकार उपस्थित। उक्त परिवाद के आलोक में लोक प्राधिकार- सह-करा अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के प्रतिवेदन पत्रांक-7322 दिनांक- 10.12. 2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि हिस्ट्री टिकट के अवलोकन से ज्ञात होता है कि विषयांकित अभियुक्त हरिशंकर चौधरी उर्फ हरिशंकर यादव, पे०-स्व० शिवमंदिर चौधरी ग्राम-नवादा, थाना-सराय ओ०पी०, जिला- सिवान, पंचरूखी (सराय) थाना काण्ड संख्या- 99/15, सत्रवाद संख्या- 475/16 में दिनांक 05.08. 2018 को मंडल कारा, सिवान से स्थानांतरित होकर शेष सजा भुगतने हेतु इस कारा में प्रवेश पाए। इनको दिनांक 06.08. 2018 को कारा के अन्दर सफाई का कार्य दिया गया एवं इनके द्वारा दिनांक 01.01. 2023 को कार्य करने से इंकार किया गया। तदोउपरान्त दिनांक- 02.10. 2024 को इन्हें अपील रिहाई पर कारा से मुक्त किया गया। परन्तु इस अवधि के दौरान इनका बैंक खाता नहीं रहने के कारण पारिश्रमिक राशि का भुगतान नहीं किया जा सका। अतः उक्त के आलोक में कहना है कि विषयांकित वाद के अभियुक्त हरिशंकर चौधरी उर्फ हरिशंकर यादव पे०-स्व० शिवमंदिर चौधरी द्वारा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति तथा कैंसिल चेक इस कारा कार्यालय को उपलब्ध कराया जाता है तो इनका च्मतेवदंस च्ंल प्क बनाकर उक्त अवधि दिनांक- 06.08.2018 से 31.12.2022 तक का पारिश्रमिक राशि का भुगतान इनके खाते में कर दिया जायेगा। इस संबंध में भवदीय द्वारा विषयांकित अभियुक्त को निदेश अपेक्षित है। तदोपरान्त सुनवाई की अगली तिथि 11.02.2026 को परिवादी एवं उनके साथी मुखदेव चौधरी को मो0 - 62076 62076 के पारिश्रमिक राशि का भुगतान करते हुए साक्ष्य के साथ लोक प्राधिकार, सह-कारा अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के प्रतिनिधि उपस्थित हुए, जिसपर परिवादी द्वारा सहमति व्यक्त की गई। इस प्रकार परिवादी के परिवाद का निवारण हुआ। उक्त के आलोक में परिवाद को निवारित श्रेणी में स्वीकृत करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मदनपुर वन प्रक्षेत्र में भीषण आग, दो एकड़ जंगल प्रभावित

लोकतंत्र की आवाज

- पीलीभीत व दिल्ली कैंप के समीप रात में लगी आग, असामाजिक तत्वों पर संदेह

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**वाल्मीकिनगर (प. चम्पारण)।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के मदनपुर वन प्रक्षेत्र में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से करीब दो एकड़ वन क्षेत्र प्रभावित हो गया। आग पीलीभीत कैंप और दिल्ली कैंप के समीप लगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। रात के समय लगी आग ने सूखे पत्तों और घास को तेजी से अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिससे जंगल का एक बड़ा हिस्सा धूं-धूं कर जल उठा।

**झाड़ियां और पौधे हुए प्रभावित**
आग की लपटों और घने धुएं के कारण जंगल में रहने वाले हिरण, सांभर, चीतल, बंदर, खरगोश और मोर जैसे वन्यजीव सुरक्षित स्थानों की ओर भागते देखे गए। हालांकि किसी बड़े वन्यजीव के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग से मुख्य रूप से घास, झाड़ियां और छोटे पौधे प्रभावित हुए हैं।

**वन विभाग की तत्परता से टला बड़ा हादसा:** घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। मदनपुर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी नसीम अहमद अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों वनकर्मी और फायर वॉचर मौके पर पहुंचे। टीम ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के क्षेत्र में कूलिंग ऑपरेशन चलाया।

**बढ़ाई गई निगरानी:** फागुन माह और शुरुआती गर्मी के दौरान लगातार आग लगने की घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। वीटीआर प्रशासन ने वन क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है, ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो।

वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोषियों की पहचान होने पर वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनबाद कतरास में अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड की घोषणा पर जश्न, दुकानदारों ने बांटी मिठाई




लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास । कतरास स्थित माँ लिलौरी मंदिर के समीप राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित 12 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड निर्माण की घोषणा से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। गुरुवार को लिलौरी मंदिर दुकानदार एवं धर्मशाला समिति के सदस्यों ने राज्य सरकार, उपायुक्त और बाघमारा अंचल अधिकारी के प्रति आभार जताते हुए एक–दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। दुकानदारों और धर्मशाला समिति के सदस्यों ने कहा कि कतरास में अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड बनने से न केवल शहर बल्कि आसपास के लगभग 20 किलोमीटर क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने विशेष रूप से स्थल चयन में मुख्य भूमिका निभाने वाले धनबाद उपायुक्त और बाघमारा सीओ के प्रति आभार व्यक्त किया। खुशी प्रकट करने वालों में सुरेश महतो, तारा पदों महतो, चंदन महतो, मंटू साव, शंकर भगत, राखिहरी पटवा, सुजीत महतो, पप्पू महतो, धनंजय कुम्हार, रमेश महतो, सुमित महतो, रूपेश महतो, महेश महतो, राकेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 1.84 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ दो अफीम तस्कर गिरफ्तारकर भेजा गया जेल



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर। गिद्धौर थाना अंतर्गत किरकिरा जंगल के समीप पुलिस ने छापेमारी कर 1.84 ग्राम अफीम तस्कर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपीयों का पहचान(1) राजू पासवान उम्र 34 पिता गोविंद पासवान (2)आरती देवी उम्र 34 वर्ष पति राजू पासवान दोनों सा• बालू भांग थाना बारीयातु जिला लातेहार के निवासी हैं। थाना प्रभारी शिवा यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी। किरकिरा जंगल के पास अवैध अफीम तस्कर खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के आधार पर गठित छापेमारी दल के लोगों ने पहुंचकर संदेह के आधार पर दो अफीम तस्करों को हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान 1.84 किलोग्राम अवैध अफीम एक मोटरसाइकिल एक मोबाइल फोन जप्त कीया है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।एवं गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। छापामारी टीम में सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल गिद्धौर थाना प्रभारी शिवा यादव एवं गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### सदर प्रखंड के देवरिया ग्राम में शिवालय में हुआ प्राण प्रतिष्ठा, भंडारे के साथ हुआ समापन





लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा। सदर प्रखंड के देवरिया ग्राम में स्थित शिवालय में बाबा भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व सैकड़ों महिलाओं ने बाजे – गाजे के साथ हर हर महादेव का नारा लगाते हेरु नदी तट पर जमा हुए। इस दौरान शहर के जाने माने प्रगाढ़ विद्वान वैदिक कर्मकांडी पंडित युगल किशोर पाण्डेय (युगल बाबा) ने वैदिक मंत्रों से मां गंगा की पूजा अर्चना की। इनके सहयोग में पंडित चंदन बाबा एवं पंडित रूपेश बाबा उपस्थित रहे।इसके उपरांत ब्रती महिलाओं से कलश में जल भरवाया। महिलाओं ने जल से भरा कलश लेकर पुनः शिव मंदिर पहुंचे। आचार्य युगल किशोर पाण्डेय ( युगल बाबा) ने यजमान राम स्वरूप पाण्डेय स पत्नी चंपा देवी को रुद्रा अभिषेक करवाया। 24 फरवरी से 27 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम में सायं 6 बजे से प्रवचन का कार्यक्रम आचार्य के द्वारा नित्य किया जा रहा था। कार्यक्रम के आखरी दिन आरती के बाद भक्तों के बीच भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारे में सैकड़ों ग्रामीण पुरुष महिलाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में ब्रह्मदेव पाण्डेय, महेश पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, श्याम पाण्डेय, अनंत, अंगद, धीरेन्द्र ,विशाल, सुशांत आशीष रहे।

# चतरा एयर एंबुलेंस हादसा: शिवम-शुभम के भविष्य के लिए मुआवजा और उच्च शिक्षा कीमांग जरूरत

लोकतंत्र की आवाज



**झारखंड।** चतरा जिले में 23 फरवरी2026 शाम को रांची से दिल्ली जा रही रेडबर्ड एयरवेज की बीचक्राफ्ट सी-90 एयर एंबुलेंस क्रैश हो गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में लातेहार के चंदवा निवासी होटल व्यवसायी संजय कुमार (41) और उनकी पत्नी अर्चना देवी शामिल हैं। इस हादसे ने उनके दो बेटों—शुभम (17) और शिवम (13)—को अनाथ कर दिया।16 फरवरी को संजय के होटल में आग लगने से उन्हें 60-65% जलन हुई थी। बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने के लिए परिवार ने उधार लेकर करीब 8 लाख रुपये जुटाए, लेकिन उड़ान के 20-23 मिनट बाद खराब मौसम (थंडरस्टॉर्म) के कारण विमान क्रैश हो गया।

क्रैश कासरिया पंचायत के जंगल में हुआ, जहां पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत, कैप्टन स्वराजदीप सिंह, डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता, पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा, संजय, अर्चना और भतीजा ध्रुव कुमार मारे गए।परिजनों का कहना है कि हादसे के तीन दिन बाद भी कोई आधिकारिक मुआवजा नहीं मिला।रिश्तेदार विजय कुमार और सुजीत कुमार ने बच्चों के भविष्य के लिए उचित मुआवजा, कर्ज माफी और उच्च शिक्षा की व्यवस्था की मांग की है। परिवार पहले से कर्ज में डूबा है, अब परवरिश का बोझ रिश्तेदारों पर आ गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने मदद का आश्वासन दिया है।

रेडबर्ड एयरवेज पर बीमा के जरिए मुआवजे की जिम्मेदारी है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की जांच जारी है—टीम साइट पर पहुंची, लेकिन विमान में ब्लैक बॉक्स नहीं था (MTOW 5700 किलो से कम होने के कारण)।सोशल मीडिया पर लोग बच्चों के लिए तत्काल मदद, स्कॉलरशिप और जांच में तेजी की मांग कर रहे हैं।यह हादसा ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और एयर एंबुलेंस सुरक्षा की गंभीर चुनौती है।एक जान बचाने की कोशिश में सात जिंदगियां चली गईं—समाज और सरकार को इन अनाथ बच्चों के साथ खड़ा होना चाहिए।

## कर्मा जंगल के पास बोलेरो और ट्रक की सीधी भिड़ंत, एक ही परिवार के 5 लोग गंभीर



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा ।** एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। इटखोरी-पदमा मुख्य मार्ग पर स्थित कर्मा जंगल के पास आज मौत का तांडव देखने को मिला।एक तेज रफ्तार बोलेरो और ट्रक के बीच इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।

इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्य लहूलुहान हो गए हैं, जिनमें महिलाएं और मासूम बच्चे भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार, राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव का एक परिवार बोलेरो में सवार होकर हजारीबाग के इचाक एक 'छठियारी' कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। हंसी-खुशी का माहौल था, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही उनकी गाड़ी कर्मा जंगल के पास पहुंची, विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि चीख-पुकार मच गई। लेकिन इस त्रासदी के बीच मानवता की एक मिसाल भी देखने को मिली। मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों और टेंपू चालकों ने बिना वक्त गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लहूलुहान स्थिति में सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इटखोरी पहुंचाया गया।

हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान कर ली गई है। जिसमे 7 वर्षीय मासूम साक्षी कुमारी, साक्षी की मां हिरनी देवी मीना देवी और अनीता देवी बोलेरो का ड्राइवर और 2 वर्षीय दुधमुंहा बच्चा ऋषि यादव चिकित्सकों ने घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की तफ्तीश में जुट गई है। पूरा हरहद गांव इस वक्त सदमे में है, जो परिवार खुशियां मनाने निकला था, वह आज अस्पताल के बिस्तरों पर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## प्रवासी मजदूरों से रूबरू हुई प्रेस ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया की टीम



लोकतंत्र की आवाज़

ब्यूरो चीफ
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में 11 फरवरी को लौटे दुबई से अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिकों के साथ प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के टीम ने उनसे रूबरू होते हुए उनके समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया साथ ही झारखंड सरकार श्रम विभाग के द्वारा पुनर्वासन हेतु सूचना संकलन पत्र संग्रह किया गया। ईएमसी कंपनी में बकाया राशि एवं किराया भुगतान करने के संबंध में आवेदन लिया गया। पीटीआई के वरिष्ठ संवाददाता सौरव शुक्ला कैमरामैन कौशल कुमार विष्णुगढ़ श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विकास कुमार श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो प्रवासी श्रमिक त्रिलोकी महतो दिलीप कुमार महतो दीपक कुमार बैजनाथ महतो गंगाधर महतो जागेश्वर महतो के पत्नी प्रमिला देवी मौजूद रहे।

## धनबाद राशनकार्ड धारकों पर बड़ा अपडेट, धनबाद में कटेगा 10 हजार लोगों का नाम; क्या है वजह

लोकतंत्र की आवाज़

**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** धनबाद में राशन कार्ड धारकों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। यहां राशन कार्ड से दस हजार नाम और कटेगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। केंद्र की ओर से परफॉर्मेंस इंडिकेटर (केपीआई रिपोर्ट) राज्य को दी गई।



राज्य मुख्यालय की ओर से यह रिपोर्ट धनबाद को भेजी गई है। उसी आधार पर अब राशन कार्ड से नाम काटा जाएगा। पूर्व में पांच हजार ऐसे लोगों के नाम काटे गए थे, जो खाद्यान्न नहीं ले रहे थे। खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार का कहना है कि केपीआई रिपोर्ट के आधार पर अब राशन कार्डधारकों का नाम काटा जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है।

विभागीय अधिकारी का कहना है कि केंद्र द्वारा सभी विभाग में क्या हो रहा है, इसकी जांच कर केपीआई रिपोर्ट तैयार की जाती है। फिर संबंधित विभागों को रिपोर्ट भेज दी जाती है। इसमें यह दर्शाया जाता कि विभाग में कौन क्या-क्या लाभ ले रहा है और क्या- क्या अगले के पास हैं। बता दें कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार एवं किसी में पेन नंबर अनिवार्य है। इसी आधार पर केपीआई रिपोर्ट तैयार होती है। अगर कोई रिटर्न फाइल कर रहा है। चार चक्का वाहन रखे हुए है। सभी की रिपोर्ट बनाकर खाद्य आपूर्ति विभाग को दी है।

**क्या बोले डीएसओः** इस मामले की जानकारी देते हुए डीएसओ पंकज कुमार ने कहा कि दस हजार लोगों के नाम राशन कार्ड से काटे जाएंगे। केपीआई द्वारा जांच रिपोर्ट दी गई। इसी आधार पर जांच कर नाम काटे जाएंगे। एक से अधिक जगहों से राशन कार्ड बनाकर लाभ ले रहे हैं तो ऐसे लोगों के नाम काटे जाएंगे।

## पुलिस की लाख कारवाई के बावजूद भी सौ एकड़ भूमि पर मौत की खेती

लोकतंत्र की आवाज़



अधिकतर अफीम की खेती वन विभाग के भूखंड और अमानत नदी के किनारे लहलहा रहा है अफीम की खेती

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा (झारखंड)।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के रिमी पंचायत के बिगुगाड़ात और कुम्हिया में लगभग सौ एकड़ से भी ज्यादा अफीम की खेती लगी हुई है। हालांकि चतरा पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार लावालौंग के कई भागो में अफीम की खेती को विनष्ट किया जा रहा है और किया गया है। परंतु हैरत की बात है कि लावालौंग के अमानत नदी किनारे से पांच सौ मीटर दूरी में बिगुगाड़ात तथा कुम्हिया के वन भूमि पर अफीम की खेती होना यह चिंता की विषय है।

आपको बता दें कि चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल द्वारा चतरा को नशा मुक्त तथा मौत की खेती मुक्त करने के लिए रात दिन एक किया जा रहा है। साथ हीं सभी थाने के थानेदारो और जनप्रतिनिधियों और पंचायत के मुखियाओं के माध्यम से इस पर लगाम लगाने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा है। किंतु चतरा जिला के कुछ प्रखंडों में इस खेती को हीं मुख्य खेती समझ इसको ज्यादा रिस्क लेकर भी खेती करते हैं और ज्यादा रुपए की लालच में कितने को मौत के मुंह में धकेल रहे है।

आपको बता दें कि पुलिस प्रशासन द्वारा अफीम की खेती तथा नशीले पदार्थों के सेवन को लेकर होने वाले लाभ और हानि का बतौर अभियान चला कर ग्रामीणों को जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है। किंतु अधिक रुपए की कमाई में चतरा जिला के कुछ प्रखंडों के कुछ पंचायतों के लोग आज भी मौत की खेती कर अधिक कमाई करने में लगे हैं। आप जिधर नजर उठाएंगे उधर अफीम हीं अफीम की खेती नजर आएगा। वैसे में चतरा जिला नशामुक्त तथा अफीम की खेती मुक्त करना का उद्वेश्य एक सपना सा लग रहा है।

## इचाक और बरकट्ठा में अंचल अधिकारी नहीं, जनता परेशान : विधायक अमित कुमार यादव

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के इचाक एवं बरकट्ठा अंचल की एक गंभीर जनसमस्या को सदन के पटल पर उठाया।

उन्होंने सदन को अवगत कराया कि इन दोनों अंचलों में नियमित अंचल अधिकारी के पदस्थापित नहीं होने के कारण राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आम नागरिकों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

विधायक ने इस स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए सरकार से आग्रह किया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इचाक एवं बरकट्ठा अंचल में शीघ्र नियमित अंचल अधिकारियों की पदस्थापना सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और प्रशासनिक कार्यों का सुचारू संचालन हो सके ।वहीं विधायक ने विधानसभा में अपने प्रस्ताव में यह भी रखा कि सभी

**सदन में पुलफुलिया का भी मामला उठाया**

विधायकों को ग्रामीण विकास के मद में दस करोड से पुल पुलिया की अनुशंसा करने की अनुमति है और हम लोग इसे करते भी हैं, लेकिन अगर किसी पुल का प्राकलन दस करोड से अधिक हो जाए तो वह योजना अधर में लटक जाता है इस पर स्पष्ट बतलाया जाए कि आखिर कैसे ग्रामीण इलाकों का जनहित से जुड़े विकास कार्य हो पाएंगे।

## हजारीबाग समाहरणालय में रक्तदान शिविर का आयोजन उपायुक्त ने रक्तदान की शुरुआत कर लोगों को प्रेरित किया

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड) ।** हजारीबाग समाहरणालय परिसर में गुरुवार को रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया जिसमें जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने खुद रक्तदान कर लोगों को प्रेरणा दिया और कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नहीं है। समाहरणालय के सभी कर्मी भी इस महादान में शामिल हुए। इस विकट घड़ी में खून के अभाव में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों को बड़ी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा था तभी इस शिविर का पुनित आयोजन सराहनीय है। इस शिविर में कुल 28 यूनिट खून रक्तवीरों ने दान कर इंसानियत का सटीक परिचय दिए।

उल्लेखनीय है कि डीसी साहब द्वारा रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन हुआ। इस शिविर में 24 रक्तदाता जो समाहरणालय के ही कर्मी थे तथा 3 डॉक्टरों में डॉ. मार्टिन डीन, डॉ.नीरज सिंह उज्जैनी एवं शिविर का समापन डॉ. आरसी मेहता द्वारा हुआ।

सभी रक्तदाताओं को पेलावल विकास मंच की ओर से दिल की गहराईयों से SBMCH Blood Bank प्रभारी डॉ. नीरज कुमार सा. अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में शुरू से आखिर तक लगे रहे।

इस पुनित कार्य में मंच के डॉ. एके मेहता, एम.हक भारती, सुधीर ठाकुर, चंद्रशेखर शर्मा, मो. आसिफ एवं इंजमामुल हक भारती ने अपनी उपस्थिथि दर्ज कराई।

## धनबाद 27 फरवरी को नगर निगम चुनाव की मतगणना, उपायुक्त ने वेयरहाउस का किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** नगर निगम चुनाव 2026 की मतगणना 27 फरवरी को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई हैं।

उपायुक्त ने बताया कि मतगणना के लिए सभी टेबल निर्धारित कर दिए गए हैं। किस टेबल पर कौन-सा आरओ कर्मी तैनात रहेगा, इसका अंतिम निर्णय मतगणना शुरू होने से ठीक पहले लिया जाएगा। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 8 बजे तक चलेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कुल 15 काउंटिंग हॉल बनाए गए हैं, जिनमें 11 हॉल धनबाद नगर निगम और 4 हॉल चिरकुंडा नगर परिषद के लिए निर्धारित हैं। चिरकुंडा में 42 बूथ होने के कारण वहां की मतगणना पहले पूरी होने की संभावना जताई गई है। धनबाद नगर निगम के कुछ वार्डों में 11 राउंड तक मतगणना हो सकती है, जबकि औसतन 9 राउंड में प्रक्रिया पूरी होने का अनुमान है। सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक काउंटिंग हॉल में दो अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाए गए हैं—एक पोलिंग एजेंटों के लिए और दूसरा बैलेट बॉक्स के आवागमन के लिए।

उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि प्रयास रहेगा कि मतगणना की पूरी प्रक्रिया उसी दिन संपन्न कर ली जाए। यदि किसी कारणवश शेष कार्य रह जाता है, तो उसे अगले दिन पूरा किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, एवं अन्य ज्वलंत मुद्दों के खिलाफ धरना प्रदर्शन




लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी रामपुर के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रखंड मुख्यालय रामपुर पर धरना प्रदर्शन किया। धरना के माध्यम से महंगाई पर रोक लगान, बेरोजगारी को रोजगार में तब्दील करने, भूमिहीन को आवास के लिए 5 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने,श्रमिकों के लिए चार कानून वापस लेने,जी राम जी योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम करने, भवन निर्माण में लगे कामगार मजदूर को श्रमिक कार्ड बनाने, खाद के कालाबाजारी पर रोक लगाने, गरीबों के मकान तोड़ने पर रोक लगाने, जमीन सर्वे के नाम पर परिमार्जित के धांधली पर रोक लगाने, भारत माला परियोजना में किसानों को उचित मुआवजा देने, महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी करने आदि सवालों को लेकर रामपुर प्रखंड मुख्यालय पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना में बचनू सिंह, सुदामा बिंद, संजय कुमार बबन राम त्रिवेणी राम प्रोफेसर कमला सिंह, हृदय नारायण राम, रहमान जी, उर्मिला देवी, चिंता देवी, विंध्याचल देवी, मंझारी देवी,बाढ़ू बिंद, मनोज राम, सुनीता देवी, आदि लोगों ने भाग लिया।

### जिले में छात्राएं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। राज्य परियोजना निदेशक बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना आदेश के आलोक में कैमूर जिला अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोटा के छात्राओं की डेढ़ घंटे का 24 दिवसीय कराटे प्रशिक्षण, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्त्रम 2024 25 उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार गुप्ता, ट्रेनर, शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया विद्यालय प्रधान ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 दिवसीय चलाई जा रही है जिसमें विद्यालय के छात्राओं को आत्म सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण कराया जा रहा है ताकि छात्राओं को अपने जीवन में इसका पठन—पाठन के साथ—साथ आत्म सुरक्षा का भी ज्ञान प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण समग्र शिक्षा के तहत सरकारी स्कूलों उच्च प्राथमिक और माध्यमिक की छात्राओं को दिए जाने वाला एक निशुल्क मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्त्रम है इसका उद्देश्य आत्म सुरक्षा आत्मविश्वास और शारीरिक शक्ति बढ़ाना है इसमें जूडो कराटे और ताइक्वांडो जैसे तकनीकी सिखाई जाती है।

### चैनपुर में गूंग किसान के लापता से परिजन हुए परेशान, थाना को सूचित कर किया करवाई का मांग



लोकतंत्र की आवाज
चैनपुर। एक गूंग किसान ने अपने रिश्तेदारी से घर लौटने के क्त्रम में गायब हो गया। जिससे परिजन काफी परेशान हो गए। मिली जानकारी के अनुसार उसके पुत्र घमडी प्रजापति ने चैनपुर थाना को सूचित कर करवाई का मांग किया है। लेकिन अभी तक उनका सुराग नहीं मिल पाया है। खोजबीन जारी है। घटना के संबंध में चैनपुर थाना क्षेत्र के उदरामपुर पंचायत के चोर लोहरा गांव के घमडी प्रजापति ने बताया कि हमारे पिता 61 वर्षीय रामदहीन प्रजापति ने घर से भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौगढ़ गांव के लिए चले थे। जहां कि उन्होंने वहां पर पहुंचे । वहां से फिर अपने घर के लिए निकल गये। लेकिन फिर घर वापस नहीं आ सके। गायब किसान गूंग प्रवृत्ति था। जिसका खोजबीन किया जा रहा है। उन्होंने थाना प्रशासन और आम जनता से अपील किया है कि हमारे पिता के खोजबीन में सहयोग करें। जिसके लिए सभी का आभारी रहूंगा।

### अहमद शरीफ चौबेपुर भदौला में उर्स के कारण मार्ग अवरुद्ध



लोकतंत्र की आवाज
विनोद कुमार राम
भभुआ कैमूर। 23 सालाना अजीमुश्शान उर्स पीरे तरीकत सूफी अली अहमद हसन शाह (र.ह.) सिलसिला आलिया,कादरी, चिश्ती,अबुलउलाई, जहांगीरी,हसनी, मंसूरी, के दरबार में चार दिवसीय जलसा का आयोजन किया गया था। सज्जाद नशीन सुफी मोहम्मद यासीन अहमद शाह ने बताया कि कुदरा प्रखंड के अहमद शरीफ चौबेपुर भदौला में पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश,मुंबई से सरकार के दरबार में हाजिरी लगाने वाले जाते रहते हैं। आने जाने वालों के लिए रास्ता अवरोध होने के कारण भारी पैमाने पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, स्थानीय सासाराम लोकसभा के सांसद मनोज कुमार एवं स्थानीय विधायक श्रीमती संगीता कुमारी से ज्वलंत मुद्दों पर जनहित में ध्यान देकर रास्ते को अभिलंब बनाने का मांग किया है। दूर दराज से आए हुए आगंतुकों ने बताया कि सरकार के दरबार में हाजिरी लगाने से कई प्रकार के प्रेत आत्मा दूर होता है हमें सभी प्रकार की समस्या का निदान होता है।

# पूर्व प्राचार्य को दुर्गावती कन्या उच्च विद्यालय में आयोजित शोक सभा में दी गई श्रद्धांजलि



**लोकतंत्र की आवाज**

**दुर्गावती** । दुर्गावती कन्या उच्च विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम भारती कॉलेज रामगढ़ के पूर्व प्राचार्य प्रो शिवकुमार सिंह के निधन के बाद विद्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य अमृता कुमारी ने की एवं संचालन समिति के ट्रस्टी सदस्य रामाज्ञा पांडेय ने किया।

बृहस्पतिवार की दोपहर में आयोजित शोकसभा में पूर्व प्राचार्य को श्रद्धांजलि देने सामाजिक एवं शिक्षा से जुड़े लोग मौके पर उपस्थित रहे । इस दौरान प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो शिवकुमार सिंह के तैल चित्र पर लोगों ने फूल माला चढ़ाकर नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। शोकसभा में वक्ताओं ने अध्यक्ष को शिक्षा का अग्रदूत बताया। वक्ताओं ने कहा कि वे सिर्फ एक शिक्षक नहीं थे बल्कि एक अच्छे समाजसेवक एक अच्छे वक्त भी थे । जो समाज में अपने कुशल व्यवहार और साफ सुथरा व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे । हर गरीब छात्र के विकट परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहते थे। पिछले तीन वर्ष से दुर्गावती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के रूप में चुने गए थे । जिसका निर्वहन उन्होंने वखूबी निभाया और अपने कार्यकाल में विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया । उन्होंने समाजवादी विचारधारा को प्रोत्साहित किया और कॉलेज में अनुशासन, प्रशासन और कार्य सम्पादन की बेहतरीन शैली को अमल में लाया। उन्होंने समाज में शिक्षा की अलख जलाई है। उनके श्रद्धांजलि सभा के दौरान प्रोफेसर शिव कुमार सिंह के पुत्र अतुल बैरागी एवं उनके पुत्र बधू भी मौके पर उपस्थित रहीं।

इस दौरान ,प्रबंधक राजेन्द्र सिंह,बलिराम पांडेय, जलालुदीन मिया, ट्रस्ट अध्यक्ष भरत सिंह, राम आशीष सिंह शिक्षक ,मनान खाँ, राकेश सिंह, बबन सिंह, गुडाकेश तिवारी ,सुरेंद्र सिंह, नेसार खां ,कृष्णा पांडेय सहित काफी संख्या में लोग एवं विद्यालय की छात्राऐं एवं सभी विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## जर्जर 'जल मीनार' दे रही बड़े हादसे को दावत, विधायक सतीश यादव ने सदन में उठाया मुद्दा



**लोकतंत्र की आवाज**

**रामगढ़** ।बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान रामगढ़ के विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने अपने क्षेत्र की एक गंभीर समस्या को प्रमुखता से सदन के सामने रखा। विधायक ने रामगढ़ प्रखंड के सदुल्लापुर में स्थित एक जर्जर जल मीनार (पानी टंकी) का मुद्दा उठाते हुए सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

सदन में अपनी बात रखते हुए सतीश यादव ने बताया कि सदुल्लहपुर स्थित यह पानी टंकी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सबसे डरावनी बात यह है कि इस जर्जर ढांचे के बिल्कुल बगल में स्कूल और घनी बस्ती है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर समय रहते इसे नहीं तोड़ा गया, तो यह कभी भी धराशायी होकर किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है।

**भ्रष्टाचार और गुणवत्ता पर सवाल:** विधायक ने निर्माण की गुणवत्ता पर भी कड़े सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि यह जल मीनार साल 2010 में बनकर तैयार हुई थी। महज 4 साल बाद, यानी 2014 से ही इसमें दरारें आने लगीं और यह टूटने लगी। विधायक ने सवाल किया कि 14 साल की इतनी कम अवधि में ही सरकारी संपत्ति इस हाल में कैसे पहुँच गई ? विधायक के सवालों का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री दीपक प्रकाश ने स्वीकार किया कि आरसीसी टावर में दरारें पाई गई हैं। मंत्री ने सदन को आश्वासन दिया किः जर्जर ढांचे की जांच के लिए टेस्ट कराए गए हैं। टेस्ट की रिपोर्ट 28 फरवरी तक विभाग को मिल जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर जल मीनार को विनष्टीकरण (तोड़ने) और संवेदक पर कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। सदन की कार्यवाही के दौरान विधायक ने इस मुद्दे को 'अति संवेदनशील' करार दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा : "आज 26 तारीख है, 28 फरवरी... दो दिन रह गया है, इंतज़ार कीजिए"।

## घर में है शादी गली में भरा पानी कोई नहीं सुन रहा गरीबों की परेशानी



**लोकतंत्र की आवाज**
**दुर्गावती**। प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत के गिम्हिया गांव में गली में पानी जमा होने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है इस संबंध में लोगों के द्वारा कई बार ग्राम पंचायत के मुखिया प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को आवेदन दिया गया लेकिन किसी के द्वारा उनकी परेशानी को नहीं सुना गया बता दें कि यह दलित बस्ती के लोग गली में पानी भर होने के कारण काफी परेशान है वही गुलाब रजक, बब्बन राम, उमेश कुमार, सोनिया देवी, उषा देवी,और मंजू देवी ने बताया कि घर में बेटी की शादी है और गली में पानी भरा हुआ है जो पानी घर में जा रहा जा रहा है इस पानी से बदबू निकल रही है हम लोग काफी परेशान है लेकिन कोई हम गरीबों का सुनने वाला नहीं है।

## चैनपुर पहुंचे जिला योजना पदाधिकारी, आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण, मिला खराब विधि व्यवस्था

**लोकतंत्र की आवाज**

**चैनपुर**। प्रखण्ड के आंगनबाड़ी केंद्रों का क्या हालात हैं। क्या विधि व्यवस्था है औचक निरीक्षण से पोल खोल कर रख देती है।

इस दौरान चैनपुर प्रखण्ड के रूपीन आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 59 पर 1 बजकर 40 मिनट पर जब जिला पदाधिकारी कैमूर के निर्देश पर जिला योजना पदाधिकारी ने पहुंचे तो वहां पर बच्चे नहीं थे । और नहीं सेविका आभा कुमारी थी, सिर्फ सहायिका गीता देवी थी। वह भी बिना ड्रेस में थीं। जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सेविका बच्चों को छोड़ने गयी है। इसी लिए नहीं है। निरीक्षण में वहां पर चापाकल नहीं चालू था और नहीं नल चालू था।



पेयजल के खराब व्यवस्था से बच्चों को प्यास बुझाने के लिए बाहर जाना पड़ता है। जब योजना पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में स्थित शौचालय का दरवाजा खोलवाया तो। इतनी गंदगी फैली थी। जहां कि सफाई पूरी गायब था। जिससे संक्रमित बिमारी फैल सकती है। जिससे नया बनाया हुआ शौचालय का शोभा की वस्तु बनकर गंदगी में पट गया है। जब इस संबंध में जानकारी विभाग से लिया गया तों उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन का समय बदल गया है। जो कि 1बज 30 मिनट तक संचालन करना है।

जहां कि बाल विकास परियोजना विभाग की दुरूस्त व्यवस्था का सच्चाई उजागर हो जाती है। जबकि औचक निरीक्षण किया गया तो अन्य आंगनबाड़ी केंद्र पर गम्भीर शिकायत मिल सकती है। यहां पर तभी भी ऐसी हालात से संक्रमित बिमारी फैल सकती है। वही जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि इसका सभी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा।

## बसंतपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहनिया** । थाना अंतर्गत बसंतपुर गांव के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, बाइक सवार को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ले जाया जा रहा था तभी अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते मे मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनिया थाना अंतर्गत दादर गांव निवासी स्वर्गीय हरी नारायण सिंह के 65 वर्षीय पुत्र राम अवध सिंह के रूप में हुई है।

इस संबंध में दादर गांव के दया कुमार चौधरी ने बताया की ये मोहनिया से दादर जा रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने इनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी,जिससे ये गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनको इलाज के लिए हमलोग अनुमंडल अस्पताल



■ **पुलिस ने शव को कब्जे में कर भेजा पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ**

मोहनिया ले आए, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। हम लोगों ने पुलिस को सुचित कर दिया है, जहां सूचना पाकर पुलिस भी अनुमंडल अस्पताल पहुंच गई।

इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार की रात लगभग 10:30 बजे फोन पर जानकारी देते हुए बताया की सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी हमने शव को कब्जे में कर कागजी प्त्रिरया पुरी करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया,जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## नुआंव की बेटी चांदनी ने इंस्पायर अवार्ड में लहराया परचम

**लोकतंत्र की आवाज**

**नुआंव कैमूर** । शिक्षा के क्षेत्र में नुआंव प्रखंड की बेटियों का दबदबा कायम है। इसी कड़ी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बराढी. की छात्रा चांदनी कुमारी (पुत्री रामाकांत साह) ने भारत सरकार की प्रतिष्ठित 'इंस्पायर अवार्ड मानक योजना' (2024—25) में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

**नवाचारः दृष्टिहीनों के लिए बनाया 'स्मार्ट शूज':** चांदनी ने अपनी रचनात्मक सोच और तकनीकी समझ का परिचय देते हुए दृष्टिहीन लोगों की सहायता के लिए 'स्मार्ट शूज' का प्रोटोटाइप तैयार किया है। उनके इस बेहतरीन आइडिया के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उन्हें 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

**प्रधानाध्यापिका और विद्यालय की भूमिका सराहनीयः** विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी के कुशल नेतृत्व और शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल लगातार शैक्षणिक ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानाध्यापिका ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि चांदनी की यह उपलब्धि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को सार्थक करती है। गौरतलब है कि इससे पूर्व सत्र 2021—22 में भी विद्यालय की छात्रा सुमन कुमारी (पुत्री शिवधर यादव) ने इस अवार्ड को जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया था।

ग्रामवासी एवं शिक्षक ने कहा कि "चांदनी की सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रखंड के लिए गर्व का विषय है। यह अन्य ग्रामीण बच्चों को भी विज्ञान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।"



■ **स्मार्ट शूज' तकनीक से बढ़ाया उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बराढी का मान, खुशी**

## रमजान के पाक महीने में खजुर की अहमीयत बढ़ जाती है : मोहन राम

**लोकतंत्र की आवाज**

**भभुआ कैमूर**। राष्ट्रीय वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन शाखा बिहार प्रदेश अध्यक्ष व डॉ अ म्बेडकार फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम नें कहा है कि "रमजान के पाक महीने में खजूर की अहमियत काफी बढ़ जाती है। श्री राम नें कहा कि एक तरफ रमजान के महीनें का शुभारंभ होते के साथ शहर के प्रत्येक बाजार में अलग — अलग बेराइटी के खजूर के दुकानों को दुकानदार सजाकर रखते हैं। तो दूसरे तरफ सेवई का दुकान भी सजाया गया है।



इंडियन मुश्लिम युथ कमिटी डेहरी (रोहतास)के महासचिव मो बदरे आलम राइन नें कहा कि यह मुश्लिम बंधुओं का एक महान त्यौहार है। रमजान के महीनें में बरकत होती है एवम दुआएं भी कबूल होती है। रमजान मुबारक महीनें को मुश्लिम समाज के लोग इस महिना को पाक साफ मानते हैं। मो बदरे आलम राइन नें कहा कि रमजान केवल पांच वक्त की नमाज व रोजा रखनें का महीना नहीं है, वल्कि यह भाईचारा, रहमत व आपसी सौहार्द का संदेश भी देता है। इस मौके पर इंडियन मुश्लिम युथ कमिटी डेहरी के महासचिव मो बदरे आलम राइन, मंशूर इदरिसी एवम नौशाद हासिमी नें तमाम मुश्लिम बंधुओं को दिल से मुबारक बाद दिया है। आपसी भाईचारा व मिल्लत के साथ इस त्यौहार को मनाये जाने का अपील किया है।

## होली में हुड़दंग करने वालों पर रखी जाएगी विशेष नजर, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, शांति समिति की बैठक में दिया गया निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहनिया**। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार की दोपहर मोहनिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला ने की। कैमूर एसपी हरी मोहन शुक्ला ने गुरुवार की दोपहर उपस्थित लोगों से कहा की आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ 4 मार्च को मनाए जाने वाले होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की है।

उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से असामाजिक तत्वों,बदमाशों एवं समाज में वैमनस्य फैलाने वालों की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का अनुरोध किया। होली पर्व के मद्देनजर



मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। अनुमंडल क्षेत्र में लगभग 84 संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। गश्ती दल लगातार भ्रमण करेगा और शांति भंग करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीजे पर प्रतिबंध को प्रभावी रखने, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों को जेल भेजने तथा विभिन्न चौक चौराहा पर पानी व निर्बाध विधुत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठी। जिस पर प्रशासन ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

इस दौरान मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी,एसडीपीओ प्रदीप कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार निर्झर,थानाध्यक्ष आलोक कुमार सहित मोहनिया मंडल के सभी थानाध्यक्ष, बीडीओ, सीओ, कनिय विद्युत अभियंता मोहनिया, जिला पार्षद गीता पासी और जन प्रतिनिधि के साथ—साथ आम लोग भी मौजूद रहे।

